26 May -26 page 1 25-05-26 11:07 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली मंगलवार 26 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 153 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## राष्ट्रपति भवन में 'पद्म अवॉर्ड सेरेमनी'

### रोहित शर्मा पद्मश्री और धर्मेंद्र मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित

**पद्म अवॉर्ड्स**

**पद्म पुरस्कार विजेताओं में 19 महिलाएं शामिल, साथ ही 16 ऐसी हस्तियां हैं जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए गए**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में 2026 के पहले पद्म अवॉर्ड्स दिए। दरअसल, सरकार ने गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को 131 पद्म पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की थी। इसी क्रम में पहले फेज में देश की 66 हस्तियों को सम्मानित किया गया। जबकि, शेष विजेताओं को दूसरे चरण में अवॉर्ड दिए जाएंगे।

राष्ट्रपति ने सोमवार के पहले फेज में 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। जिन हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है, उनमें अभिनेता आर माधवन, क्रिकेटर रोहित शर्मा, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी प्लेयर सविता पूनिया के अलावा पैरा एथलीट प्रवीण कुमार शामिल हैं।

खास बात यह है कि पद्म पुरस्कार विजेताओं में 19 महिलाएं भी शामिल हैं। इसके साथ ही 16 ऐसी हस्तियां हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए गए हैं। दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र, केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज केटी थॉमस समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण पुरस्कार दिए गए हैं। जबकि मशहूर गायक अल्का याग्निक और झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा अभिनेता आर माधवन, इंडिया क्रिकेट टीम में खिलाड़ी रोहित शर्मा, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

## गाजियाबाद की महापंचायत में राकेश टिकैत की सरकार को खुली चेतावनी

# कहा, डीजल-पेट्रोल महंगा तो फसल का दाम भी बढ़े

**टिकैत की हुंकार**

**लोनी कूड़ाघर, मुआवजा, सर्किल रेट और बेरोजगारी के मुद्दे पर किसानों का बड़ा प्रदर्शन**







**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को कमला नेहरू नगर स्थित सीबीआई अकादमी के निकट भारतीय किसान यूनियन की मंडल स्तरीय किसान महापंचायत में पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जिलों से पहुंचे हजारों किसानों ने अपनी ताकत दिखाई। महापंचायत का नेतृत्व भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष पं. राजपाल शर्मा समेत संगठन के कई बड़े पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे। महापंचायत में गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों से किसान पहुंचे। किसानों ने लोनी क्षेत्र में प्रस्तावित कूड़ाघर, जमीन अधिग्रहण, सर्किल रेट, मुआवजा और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। वहीं राकेश टिकैत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा रही है, लेकिन किसानों की फसलों का उचित मूल्य तय नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा, अगर ईंधन का रेट बढ़ रहा है, तो किसान की फसल का रेट भी बढ़ना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोनी क्षेत्र में कूड़ाघर बनाने के नाम पर किसानों को संघर्ष के लिए मजबूर किया जा रहा है। किसानों को न तो जमीन का उचित मूल्य मिल रहा है और न ही सड़क और अन्य परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित जमीन का पूरा मुआवजा दिया जा रहा है। टिकैत ने कहा कि सर्किल रेट वर्षों से नहीं बढ़ाए जा रहे, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन आर-पार की लड़ाई में बदल जाएगा।

### सरकार व्यापारी बन गई, किसान की सुनवाई नहीं : टिकैत

करंट क्राइम : राकेश टिकैत ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार किसानों और युवाओं की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि रोजगार खत्म हो रहे हैं, नौकरियां नहीं मिल रहीं और बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने ट्रैक्टर और एनजीटी नियमों को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि कानून सभी राज्यों और क्षेत्रों में समान रूप से लागू होना चाहिए। महापंचायत में भाकियू के प्रमुख बिजेंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव पश्चिम उत्तर प्रदेश टिनू चौधरी समेत मंडल और जिला स्तर के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठन ने दावा किया कि किसानों की एकजुटता ने यह साबित कर दिया है कि अब उनकी आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

### 5 जून को होगी अगली निर्णायक वार्ता

करंट क्राइम : महापंचायत के दौरान शासन-प्रशासन के साथ किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर विस्तृत बातचीत हुई। कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी, जबकि कई मुद्दों पर फैसला नहीं हो सका। भारतीय किसान यूनियन ने घोषणा की है कि शेष मांगों को लेकर अब 5 जून को अगली वार्ता होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## मासूम से दरिंदगी के आरोपी को 20 साल की कठोर कैद, एक लाख का जुर्माना




**गाजियाबाद, (करंट क्राइम)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत एक और दरिंदे को उसके अंजाम तक पहुंचाया गया है।

**ऑपरेशन कन्विक्शन में कोर्ट ने सुनाया सख्त फैसला**

गाजियाबाद की विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के दोषी सचिन (निवासी बिसोखर रोड, मोदीनगर) को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। दरअसल 07 जुलाई 2023 को थाना मोदीनगर पर आरोपी सचिन के खिलाफ बहला-फुसलाकर खंडहर में दुष्कर्म करने का मुकदमा (धारा 376एबी व 5/6 पॉक्सो एक्ट) दर्ज हुआ था।

पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में 'कन्विक्शन सेल', थाना मोदीनगर के विवेचक निरीक्षक राजीव सिंह की पुख्ता जांच और विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) उत्कर्ष वत्स की प्रभावी पैरवी के चलते अदालत ने सोमवार को दोषी को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया। पुलिस का कहना है कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों को त्वरित सजा दिलाने का यह अभियान जारी रहेगा।

## ग्राम प्रधान अब प्रशासक के रूप में संभालेंगे जिम्मेदारी

### यूपी सरकार ने पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जारी किया आदेश



**लखनऊ, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 26 मई 2026 को ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार नई ग्राम पंचायतों के गठन तक वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शासन के निर्देशानुसार 27 मई 2026 से मौजूदा ग्राम प्रधान पंचायतों में सामान्य और नियमित कार्यों का संचालन प्रशासक के रूप में करेंगे। हालांकि उन्हें किसी भी प्रकार का नीतिगत निर्णय लेने की अनुमति नहीं होगी।

**27 मई 2026 से मौजूदा ग्राम प्रधान पंचायतों में सामान्य और नियमित कार्यों का संचालन प्रशासक के रूप में करेंगे।**

विशेष परिस्थितियों में ऐसे प्रस्ताव जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी की स्वीकृति से ही लिए जा सकेंगे। प्रदेश सरकार की ओर से यह आदेश पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार द्वारा जारी किया गया है।

## एमएलसी दिनेश गोयल का नाम होल्ड होने पर सब हैरान

### वो चेहरा जिसने छह वर्ष का वेतन कर दिया बच्चों की शिक्षा के लिये दान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की एमएलसी वाली लिस्ट आ गई। लिस्ट में पांच नाम घोषित हुए और पांच नाम ऐसे थे जो पहले चुनाव जीते हैं और सिटिंग एमएलसी हैं। पांच नाम वो भी घोषित हुए जो चुनाव नहीं जीते हैं। नामों की इस लिस्ट में सबसे बड़ा ट्विस्ट ये था कि इस लिस्ट में एमएलसी दिनेश गोयल का नाम नहीं था।

**दिनेश गोयल ने अपने पहले ही चुनाव में भाजपा को उस सीट पर बड़ी जीत निकालकर दी थी जिस सीट पर भाजपा पहले जीत नहीं पाई।**



एमएलसी दिनेश गोयल की बात करें तो वो भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं। हमेशा सहयोग वाली भूमिका में रहते हैं। छह साल का कार्यकाल पूरी तरह गैरविवादित रहा है। लगातार विधान परिषद में मुद्दे भी उठाए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि दिनेश गोयल ने अपने एमएलसी कार्यकाल में विधान परिषद सदस्यों को मिलने वाला वेतन खुद पर खर्च नहीं किया है। उन्होंने अपना छह वर्ष का संपूर्ण वेतन गरीब बच्चों की शिक्षा पर खर्च किया है। संपूर्ण धनराशि दान की है। सबको हैरानी इस बात की थी कि आखिर एमएलसी दिनेश गोयल का नाम एमएलसी वाली लिस्ट में क्यों होल्ड हो गया।

दिनेश गोयल ने अपने पहले ही चुनाव में भाजपा को उस सीट पर बड़ी जीत निकालकर दी थी जिस सीट पर भाजपा पहले जीत नहीं पाई। बैलेट पेपर पर ये जीत हासिल हुई थी और भाजपा के खाते में एक बड़ी जीत दर्ज कराई थी, लेकिन जब लिस्ट आई थी एमएलसी दिनेश गोयल का नाम ना होने पर सबको हैरानी हुई। दिनेश गोयल ने एमएलसी कार्यकाल में अपनी पूरी निधि खर्च की है। ये आरटीआई डालकर भी पूछा जा सकता है, पारदर्शिता वाली कार्यशैली रही है, विकास कार्य कराए हैं। वो हमेशा एक सहयोगी की भूमिका में रहे हैं और एमएमलसी होने के बाद भी उन्होंने गरीब बच्चों की शिक्षा का ध्यान रखा है। कुछ इंटरनल बातों को छोड़ दें तो दिनेश गोयल का कार्यकाल शानदार रहा है और सूत्र बताते हैं कि अब यहां सीट होल्ड होने के बाद बोल्ड तरीके से आने वाले समय में अनिल अग्रवाल का नाम चलने लगा है। हालांकि अभी पार्टी नेतृत्व को फैसला करना है। इस कहानी में क्या मोड़ आएगा ये अभी क्लाईमेक्स बाकी है, लेकिन लिस्ट जारी होने के बाद जब ये नाम होल्ड हो गया तो फिर सभी हैरान रह गए। क्योंकि विधान परिषद सदस्य के रूप में दिनेश गोयल ने बड़ी जीत हासिल की थी और उनका पूरा कार्यकाल गैरविवादित रहा है और उन्होंने लगातार मुद्दों को उठाया है और विकास भी कराया है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस का एक्शन प्लान तैयार

# रात में सड़कों पर उतरे अफसर



**सीएम के निर्देश के बाद डीसीपी, एसीपी और ट्रैफिक इंस्पेक्टरों ने कांवड़ मार्गों का किया निरीक्षण, सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर फोकस**

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार की देर रात यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सड़क पर उतरे और विभिन्न कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन एवं एडीसीपी वरुण कुमार सिंह ने तीनों जोन के यातायात निरीक्षकों के साथ कमिश्नरेट गाजियाबाद के प्रमुख कांवड़ मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने ट्रैफिक संचालन, डायवर्जन प्लान, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

रात के अंधेरे में सड़क पर उतरे पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की सुरक्षा और आमजन की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

## 11वें इंटरनेशनल पल्मीस्ट्री डे में गूंजा डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी का संदेश

# 'हस्तरेखा विज्ञान केवल भविष्यवाणी नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और जीवन दिशा का वैज्ञानिक अध्ययन'

**मुंबई, करंट क्राइम।** भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और हस्तरेखा विज्ञान को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम तब देखने को मिला, जब पामवेद फाउंडेशन एवं गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में 11वें इंटरनेशनल पल्मीस्ट्री डे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हस्तरेखा विज्ञान के विद्वानों, जिज्ञासुओं एवं आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के केंद्र में रहे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में हस्तरेखा विज्ञान को भारत की प्राचीन और गंभीर अध्ययन परंपरा बताते हुए कहा कि यह विद्या केवल भविष्य कथन तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व, उसकी संभावनाओं और जीवन की दिशा को समझने का एक सशक्त माध्यम है।




डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपराओं को आधुनिक शोध और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर विश्व मंच पर स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल पल्मीस्ट्री डे पिछले 11 वर्षों से निरंतर लोगों को इस विद्या से जोड़ने और इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने हस्तरेखा विज्ञान पर विशेष व्याख्यान दिया। उनके संबोधन ने उपस्थित लोगों को न केवल इस विद्या की गहराई से परिचित कराया, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व का भी अहसास कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ. श्याम सी. अग्रवाल ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और हस्तरेखा विज्ञान जैसी लुप्तप्राय विद्याओं के पुनर्जीवन में पामवेद फाउंडेशन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है।

कार्यक्रम के दौरान आचार्य प्रियांशु त्रिपाठी एवं युवा संगीतकार साजन मिश्रा द्वारा प्रस्तुत श्रीरामचरितमानस संकीर्तन ने पूरे सभागार को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री जोगिंदर सिंह अवाना, तेजिंदर सिंह तिवाना, जीएसटी विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर भूपेंद्र सिंह डागर, मलाड कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विनोद मिश्रा, दीपक गुप्ता, जे.पी. सिंह, हर्ष त्रिपाठी, कृष्णा कुमार सहित विभिन्न क्षेत्रों के अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन के सूत्रधार विशाल सोडाणी ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए अगले वर्ष इसे और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## महापौर सुनीता दयाल का बड़ा संदेश

# हम किसी धर्म के नहीं, गलत कार्यों के विरोधी

### प्रतिबंधित मांस प्रकरण के बीच वीडियो जारी कर दी सफाई

**वीडियो संदेश**

**महापौर सुनीता दयाल ने कहा– मुस्लिम बहुल इलाकों में भी बिना भेदभाव कराए विकास कार्य**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल द्वारा सोमवार शाम जारी किए गए एक वीडियो ने शहर की राजनीति और सोशल मीडिया में नई चर्चा को जन्म दे दिया है। वीडियो में महापौर सुनीता दयाल ने साफ कहा कि वह किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि हर उस गलत कार्य के खिलाफ हैं जो समाज, कानून और व्यवस्था के विरुद्ध हो। महापौर ने अपने फेसबुक पेज पर अपलोड वीडियो और बयान में कहा कि उन्होंने हमेशा सभी धर्मों और समुदायों को साथ लेकर विकास कार्य कराए हैं।

उन्होंने विशेष रूप से मुस्लिम बहुल क्षेत्र केला भट्टा का जिक्र करते हुए बताया कि वहां वर्षों से कब्जे में पड़ी जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया और उस स्थान पर मार्केट का निर्माण कराया गया, जिससे स्थानीय मुस्लिम युवाओं और व्यापारियों को रोजगार के अवसर मिले। महापौर ने कहा कि जिस जमीन पर करीब 26 वर्षों से अवैध कब्जा था, उसे मुक्त कराकर क्षेत्र के विकास के लिए इस्तेमाल किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इलाके में सौंदर्यीकरण, चौक निर्माण और बैठने की सुविधाएं विकसित कराई गईं, जहां आज स्थानीय परिवार समय बिताते हैं। वीडियो में एक मौलवी के साथ उनकी बातचीत का अंश भी साझा किया गया है, जिसमें आपसी सौहार्द और विकास कार्यों को लेकर चर्चा दिखाई गई।

दरअसल रविवार को कनवानी क्षेत्र के एक मदरसे और वहां के किशोरों द्वारा प्रतिबंधित मांस हिंडन नदी में फेंके जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इस मामले को लेकर शहर में विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आई थीं। इसके बाद सोमवार को महापौर का यह वीडियो सामने आने से राजनीतिक और सामाजिक हलकों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

महापौर ने अपने संदेश में कहा कि नगर निगम का उद्देश्य किसी धर्म या समुदाय को निशाना बनाना नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए शहर का विकास करना है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के हर क्षेत्र में बिना भेदभाव विकास कार्य कराए जा रहे हैं और आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।



# महंगाई की मार, आम आदमी लाचार! पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 रुपये महंगा

## 10 दिनों में चौथी बार बढ़े दाम | 23 मई को ही तो बढ़े थे दाम

**हाय महंगाई!**

**दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर हुई**







**नई दिल्ली:** आम आदमी को महंगाई का एक और बड़ा झटका लगा है। पेट्रोल डीजल की कीमतों में 10 दिनों में चौथी बार बढ़ोतरी की गई है। पेट्रोल की कीमत में 2.61 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल के दाम में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।

इसके बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। पश्चिम एशिया संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां ईंधन के खुदरा दाम बढ़ा रही हैं। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में यह वृद्धि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, रिफाइनिंग मार्जिन में कमी और रुपये के कमजोर होने के कारण हुई है।

इससे पहले 23 मई को पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे लीटर जबकि डीजल के दाम में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी। 23 मई को ही वाहन ईंधन के तौर पर इस्तेमाल होने वाले सीएनजी की कीमत में भी एक रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। हाल के दिनों में तीसरी बार हुई बढ़ोतरी के बाद सीएनजी के दाम कुल चार रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ चुके हैं।

अमेरिका और इजराइल की तरफ से 28 फरवरी को ईरान पर किए गए हमले के बाद दोनों पक्षों में छिड़े संघर्ष से वैश्विक तेल की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध हो गया है। इससे कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई हैं।

खुदरा ईंधन विक्रेताओं ने इस बढ़ती लागत के बावजूद पेट्रोल पंपों पर कीमतें कम रखी थीं। सरकार ने इसे उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया कदम बताया था। हालांकि, विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सरकार प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के संपन्न होने का इंतजार कर रही थी। इस बीच, सरकार का कहना है कि कीमतों में इस वृद्धि के बावजूद, खुदरा ईंधन विक्रेताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि 15 मई की वृद्धि से नुकसान में एक चौथाई की कमी आई है और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां अब भी प्रतिदिन लगभग 750 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही हैं।

## ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र पर बरसे राहुल गांधी
### किस्तों में बढ़ा रहे दामः 'जनता की जेब पर लगातार वार'

**तीखा हमला**

**सरकार किस्तों में ईंधन के दाम बढ़ाकर आम लोगों की जेब पर चुपचाप डाका डाल रही है**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10 दिनों के भीतर चौथी बार हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार किस्तों में ईंधन के दाम बढ़ाकर आम लोगों की जेब पर चुपचाप डाका डाल रही है।

विपक्षी नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सरकार ईंधन के दाम किस्तों में बढ़ा रही है, ताकि आम लोगों की जेब पर लगातार बोझ पड़ता रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई महीनों से आर्थिक संकट की चेतावनी दी जा रही थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावों में व्यस्त थे और चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल के दाम 8 रुपये तक बढ़ा दिए गए।

**खरगे ने केंद्र पर साधा निशाना :** इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में हर बढ़ोतरी घरेलू बजट पर सीधा असर डालती है और इसका प्रभाव पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। खड़गे ने आरोप लगाया कि किसान से लेकर छोटे उद्योगों तक हर वर्ग भाजपा सरकार की लूट का बोझ झेल रहा है।

**पेट्रोल-डीजल के दाम कितने बढ़े? :** बीते कुछ दिनों में लगातार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। 15 मई को पेट्रोल और डीजल के दाम 3 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए गए थे। इसके बाद 19 मई को 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई। वहीं 23 मई को पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा किया गया।

## 2024 के जंतर-मंतर प्रदर्शन मामले में कांग्रेस नेता अलका लांबा दोषी करार

**निषेधाज्ञा**

**अलका लांबा की सजा की अवधि के मामले पर 5 जून को सुनवाई करने का आदेश**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 2024 में महिला आरक्षण के मामले पर निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के मामले में कांग्रेस नेता अलका लांबा को दोषी करार दिया है। अश्विनी पंवार ने अलका लांबा की सजा की अवधि के मामले पर 5 जून को सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 4 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में कोर्ट ने 14 जनवरी को अलका लांबा के खिलाफ औपचारिक रुप से आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अलका लांबा को भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 221, 233ए और 285 के तहत आरोप तय किया था। बता दें कि 20 दिसंबर 2025 को कोर्ट ने संबंधित घटना का वीडियो देखा था जिसमें पाया गया कि वो बलपूर्वक लोकसेवक को उसके काम में बाधा पहुंचा रही थीं।

## कांग्रेस ने पीठ में घोंपा चाकू, कभी न करें इस पर भरोसा- द्रमुक

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु की सियासत में बढ़ती दरार के बीच द्रमुक युवा शाखा प्रमुख उदयनिधि स्टालिन ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकताओं से कांग्रेस पर दोबारा कभी भरोसा न करने को कहा है। उदयनिधि ने शनिवार को द्रमुक युवा शाखा को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी पूर्व सहयोगी रही द्रमुक का चुनावी फायदा उठाकर कांग्रेस ने पीठ में छुरा घोंपने का काम किया है। उदयनिधि ने कहा कि 20 से अधिक साल तक कांग्रेस पार्टी हमारी पीठ पर सवार रही और आज उन्होंने हमारी पीठ में छुरा घोंपा दिया है। इसे कोई भी कभी न भूले। हमें भविष्य में किसी भी मोड़ पर कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए, न ही उन्हें करीब आने देना चाहिए।

## यमुना सफाई के लिए नजफगढ़ में लगेंगे 12 नए सीवेज प्लांट : सीएम

**जल संरक्षण**

**यमुना सफाई के लिए 1000 करोड़ की जल-सीवर परियोजनाओं को मंजूरी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने यमुना की सफाई, सीवरेज व्यवस्था सुधारने और जल संरक्षण को लेकर 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कई परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की मीटिंग में ये बड़ा निर्णय लिया गया। इनमें नजफगढ़ क्षेत्र में 12 नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, केशोपुर एसटीपी का विस्तार, पुरानी सीवर लाइन का पुनर्वास और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने जैसी योजनाएं शामिल हैं।

सरकार ने दावा किया है कि इन योजनाओं से न सिर्फ यमुना में गिरने वाले गंदे पानी को रोका जा सकेगा, बल्कि लाखों लोगों को बेहतर सीवर और पानी की सुविधा भी मिलेगी।

## कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ जनहित याचिका
### सीजेआई बोले- मुद्दे को भावनात्मक तरीके से न लें




**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को एक याचिकाकर्ता से कहा कि वह ह्यकॉकरोच जनता पार्टीह्न के मुद्दे को इतना भावनात्मक तरीके से न लें। दरअसल, कॉकरोच जनता पार्टी के मामले में जनहित याचिका दायर करते हुए एक वकील ने अदालत से जल्द सुनवाई की मांग की थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिवक्ता एन.के. गोस्वामी ने सीजेआई की 'तिलचट्टे' वाली टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायाधीश की ओर से स्पष्टीकरण दिए जाने के बावजूद न्यापालिका को बदनाम करने के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़कर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से पेश किया जा रहा है।

**उचित समय आने पर करेंगे सुनवाई, अभी जरूरत नहीं : सुप्रीम कोर्ट** - वकील की इस दलील पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, ह्वइसे इतने भावनात्मक तरीके से मत लीजिए।ह्व मुख्य न्यायाधीश ने जनहित याचिका की जल्द सुनवाई की मांग पर कहा कि ऐसी कोई गंभीर तात्कालिकता नहीं है और सर्वोच्च न्यायालय उचित समय पर इसकी नियमानुसार सुनवाई करेगा।

जनहित याचिका में निर्देश देने की मांग की गई है कि अदालत में होने वाली बातचीत का इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए न किया जाए और फर्जी वकीलों की डिग्रियों के मामले में सीबीआई जांच की जाए।

## बिन पानी सब सून
## टैंकरों के भरोसे जीवन
### हफ्ते भर से पेयजल की आपूर्ति बाधित




**जल संकट**

**दिल्ली के अशोक नगर, करावल नगर वेस्ट और सुंदर ब्लॉक के लोगों के लिए यह समस्या बनी रोज की परीक्षा**

**नई दिल्ली।** तपती धूप, चढ़ता पारा और हाथों में बाल्टी-डिब्बे लिए टैंकर से पानी के लिए लाइन लगाए लोग...दिल्ली के अशोक नगर, करावल नगर वेस्ट और सुंदर ब्लॉक के निवासियों के लिए यह समस्या रोज की परीक्षा बन गई है। सुबह से महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पानी के टैंकरों के इंतजार में लंबी कतारों में खड़े नजर आते हैं।

तेज गर्मी के बीच बूंद-बूंद पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई परिवार बोतलबंद पानी खरीदने के लिए मजबूर हैं। जल संकट से दिन का सुकून और रात की नींद छिनने से नाराज लोगों का कहना है कि शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं सिर्फ आश्वासन ही दे रहे हैं।

> तेज गर्मी के बीच बूंद-बूंद पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है

### गंदे पानी की सप्लाई से बढ़ा बीमारी का खतरा

वेस्ट करावल नगर के निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में पानी आता भी है, तो वह इतना गंदा और बदबूदार होता है कि उसे इस्तेमाल नहीं कर सकते। ऐसा ही हाल शकरपुर स्थित सुंदर ब्लॉक और अशोक नगर के शिव शक्ति गली स्थित डी-ब्लॉक का भी है। सुंदर ब्लॉक में कई सप्ताह से लगातार दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। दावा है कि गंदे पानी के वजह से इलाके में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडराने लगा है।

### केजरीवाल ने सरकार पर बोला हमला

दिल्ली में बढ़ते जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने राजधानी में पानी की समस्या को सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि हजारों लोग लंबे समय से पानी के लिए परेशान हैं और हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने जल संकट से जुड़ी एक मीडिया रिपोर्ट साझा करते हुए कहा कि किसने सोचा था, एक दिन देश की राजधानी का ये हाल होगा। उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। मनीष सिसोदिया ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार जनता की मूल समस्याओं को हल करने में असफल रही है। सिसोदिया ने कहा कि पिछले एक महीने से हजारों लोग बिना पानी के परेशान हैं। कई कामकाजी महिलाएं कार्यालयों में जाकर नहाने के लिए मजबूर हो रही हैं।

गर्मी की तपिश के बीच दिल्ली में पानी संकट पर सियासत तेज हो गई है। दक्षिणपुरी इलाके में पानी की किल्लत पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी के बाद दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने पलटवार किया है।

## सोनीपत में पति-पत्नी समेत तीन की हत्या
### सनकी सिक्योरिटी गार्ड ने दिया वारदात को अंजाम

**मर्डर**

**सनसनीखेज ट्रिपल मर्डर ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है**




**सोनीपत:** हरियाणा के सोनीपत जिले में एक खौफनाक वारदात सामने आई है। जिले के कुंडली थाना क्षेत्र के टीडीआई बीपीएल फ्लैट्स में देर रात एक सनकी शख्स ने धारदार हथियार और लोहे की रॉड से हमला कर पति-पत्नी समेत तीन लोगों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इस सनसनीखेज ट्रिपल मर्डर ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतकों की पहचान विजय, उनकी पत्नी सुनीता निवासी कोट मोहल्ला, सोनीपत और एक अन्य महिला स्वाति निवासी गांव बडोली के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, हमला इतना बर्बर और ताबड़तोड़ था कि तीनों पीड़ितों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। चीख-पुकार के बीच कुछ ही पलों में पूरा फ्लैट खून से सन गया और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**लोहे की रॉड और चाकू से किया हमला :** वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी ब्रह्मप्रकाश टीडीआई बीपीएल फ्लैट्स में ही रहता है और कुंडली के एक निजी स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता है।

बताया जा रहा है कि आरोपी ने पहले पीड़ितों पर लोहे की रॉड से वार किया और फिर चाकू से गोदकर उन्हें मौत की नींद सुला दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

**जांच में जुटी पुलिस और एफएसएल टीम :** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी, क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य और सबूत जुटाए हैं।

## बैंक कर्मचारी ने करेंसी चेस्ट से उड़ाए 8.7 करोड़, चोरी की रकम से खरीदे घर और क्रिप्टो

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में बैंक ऑफ बड़ौदा के एक कर्मचारी को आरबीआई करेंसी चेस्ट से 8.7 करोड़ रुपये चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी हरसिद्ध कडियार ने 13 जनवरी को इस चोरी को अंजाम दिया था। उसने चोरी के पैसों से संपत्तियां खरीदीं और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश किया। कडियार कालूपुर स्थित बैंक शाखा में कनिष्ठ संरक्षक था।

उसने दो मजदूरों की मदद से लोहे के पुराने बक्सों में नकदी भरकर बैंक से बाहर निकाली थी। पकड़े जाने से बचने के लिए वह 20 अप्रैल तक काम पर आता रहा। इसके बाद नियमित जांच में यह चोरी पकड़ी गई।

पुलिस ने आरोपी की कार से 2.2 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में उसने चांदखेड़ा में घर, दुकान और वाहन खरीदने की बात कबूली है। फिलहाल आरोपी 27 मई तक पुलिस रिमांड पर है।

## असम विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश

**यूसीसी**

**असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा बोले- जरूरत पर होगी ऑन-रिकॉर्ड चर्चा**



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि राज्य विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर विधेयक पेश करने से ऐसे कानून की आवश्यकता पर ऑन-रिकॉर्ड चर्चा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश के संस्थापकों द्वारा दिखाए गए रास्ते को साकार करने में मदद करेगा।

मुख्यमंत्री सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, असम विधानसभा में समान नागरिक संहिता 2026 विधेयक को पेश किया गया। यूसीसी की असम को आज आवश्यकता क्यों है और यह हमारे देश के संस्थापकों द्वारा परिकल्पित मार्ग को साकार करने में कैसे मदद करेगा, इस पर ऑन-रिकॉर्ड चर्चा का मार्ग प्रशस्त करता है।

असम विधानसभा के कार्य मंत्री अतुल बोरा ने मुख्यमंत्री की ओर से विधानसभा में राज्य के लिए समान नागरिक संहिता, 2026 बिल पेश किया। 16वीं असम विधानसभा के पहले सत्र का सोमवार को तीसरा दिन था। विधेयक में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने और लिव-इन रिलेशनशिप के पंजीकरण को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। हालांकि, ये प्रावधान में असम में रहने वाली किसी भी अनुसूचित जनजाति पर लागू नहीं होंगे। कांग्रेस, राइजर दल और तृणमूल कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इस कदम का विरोध किया।

## पत्नी संग रुबियो ने निहारा आमेर महल का शाही वैभव

**अतिथि देवो भव**

**आमेर महल के जलेब चौक में उनका पारंपरिक राजस्थानी शैली में स्वागत किया गया**



**जयपुर।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो सोमवार को पत्नी जेनेट डी. रूबियो के साथ जयपुर पहुंचे और ऐतिहासिक आमेर किले का भ्रमण किया। आमेर महल के जलेब चौक में उनका पारंपरिक राजस्थानी शैली में स्वागत किया गया। इस दौरान लोक कलाकारों ने घूमर, कालबेलिया और कच्छी घोड़ी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। आमेर भ्रमण के दौरान गाइड महेश शर्मा ने उन्हें शीश महल, गणेश पोल, दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, सुख निवास और मावठा झील के इतिहास और स्थापत्य की जानकारी दी। महल भ्रमण के बाद मार्को रूबियो पत्नी के साथ रामबाग पैलेस पहुंचे।

इससे पहले वे दोपहर करीब डेढ़ बजे आगरा से विशेष विमान के जरिए जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। विमान से उतरते ही उन्होंने मुस्कुराते हुए 'हैव फन' कहा। उनके साथ अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर भी मौजूद रहे। उनकी यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। आमेर महल को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक पर्यटकों के लिए बंद रखा गया। वहीं एयरपोर्ट से आमेर तक करीब 19 किलोमीटर के मार्ग पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक भी रोका गया।

## गुलमर्ग गोंडोला में तकनीकी खराबी, बीच हवा में अटके करीब 300 पर्यटक

**श्रीनगर।** प्रसिद्ध गुलमर्ग गोंडोला में सोमवार को अफरा-तफरी मच गई जब अचानक तकनीकी खराबी आने के कारण केबल कार सेवा बीच में ही रुक गई। इस घटना के चलते करीब 300 पर्यटक हवा में ही अलग-अलग केबिनों में फंस गए। जानकारी के अनुसार गोंडोला के संचालन के दौरान अचानक तकनीकी गड़बड़ी आ गई, जिससे केबल कार आगे नहीं बढ़ सकी और यात्री बीच रास्ते में ही अटक गए।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और फायर एंड इमरजेंसी सर्विस की टीम को मौके पर बुलाया गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज और स्थानीय प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार सभी फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित निकालने के प्रयास लगातार जारी हैं। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## प्रतीक यादव की तेरहवीं में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी



**शोक संवेदना**

**योगी आदित्यनाथ अपर्णा समेत परिवार के सदस्यों से मिले, शोक संवेदना व्यक्त की**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव की तेरहवीं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। उन्होंने पत्नी अपर्णा यादव समेत परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।

वहीं, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने दिवंगत समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और अपने भाई, दिवंगत प्रतीक यादव के सम्मान में आयोजित शांति प्रार्थना सभा में पुष्पांजलि अर्पित की।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव की तेरहवीं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे।

## मेकेदातु बांध विवाद पर सीएम विजय सख्त, अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

**तमिलनाडु।** कावेरी नदी को लेकर लंबे समय से जारी विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को कर्नाटक की प्रस्तावित मेकेदातु बांध परियोजना को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कानूनी प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

सरकारी बयान के मुताबिक, यह बैठक उस समय आयोजित की गई जब कर्नाटक में मेकेदातु परियोजना के लिए भूमि पूजन किए जाने की खबर सामने आई। तमिलनाडु सरकार पहले से ही इस परियोजना का विरोध करती रही है और उसका कहना है कि इससे राज्य के किसानों और सिंचाई व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है।

बैठक में कावेरी जल विवाद से जुड़े सभी कानूनी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामलों और हालिया फैसलों की जानकारी दी।

26 May -26 page 3 25-05-26 11:10 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 26 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# मुरादनगर वाले वर्ग प्रशिक्षण शिविर में संगठन को मिली शाबाशी और पीठ थपथपा गये प्रदेश अध्यक्ष

## मगर कुछ घटनाएं खट्टी और मीठी भी होती रहीं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर के आईटीएस कॉलेज में वर्ग प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर के बाद जो बातें छन-छन कर बाहर आ रही हैं वो ये हैं कि यहां संगठन की कार्यशैली को देखकर प्रदेश अध्यक्ष प्रभावित हुए। यहां सभी ने अपनी बात रखी। एक परिवार की तरह कुछ ना कुछ बातों को लेकर कुछ गिले शिकवे भी रहे। लेकिन कुल मिलाकर प्रशिक्षण शिविर सफल रहा है। सूत्र बताते हैं कि यहां अपेक्षित उपस्थिति भी 92 प्रतिशत के आस-पास रही है। अपेक्षित और अनापेक्षित कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं में एक उत्साह, एक जोश रहा। यहां पहले दिन मुख्तार अब्बास नकवी ने सत्र को संबोधित किया। यहां जितने भी वक्ता आये सभी ने संगठन के प्रजेंटेशन की तथा डेकोरेशन की तारीफ की। पंजीकरण की प्रक्रिया की सराहना की। सभी ने ये कहा कि गाजियाबाद महानगर ऐसा है जो टोटल डिजीटल तैयारी के साथ है। बताते हैं कि जब अतिथि मंच पर आये और माईक संभाला तो यहां टोटल डिजीजल का जलवा दिखाई दिया। एक एक वक्ता की वीडियो चली और इस वीडियो में वक्ता के सफल पोलिटिक्ल सफरनामे का जिक्र था। 11 सत्र और 11 वक्ता थे और सभी में इस डिजीटल प्रक्रिया की प्रशंसा की। एक तरह से ये पूरी तारीफ भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के खाते में दर्ज हुई।



### प्रदेश अध्यक्ष ने की मयंक गोयल के मैनेजमेंट की तारीफ

करंट क्राइम। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी बैंगलोर से सीधे आईटीएस कॉलेज पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं से बेहद प्रसन्न नजर आये। बताते हैं कि वो मयंक गोयल की पीठ थपथपा गय। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के कार्यक्रम मैनेजमेंट की तारीफ की। इसकी वजह भी थी क्योंकि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में 2244 बूथ, 362सेक्टर की पूरी फाईल तैयार थी। हर विधानसभा के सेक्टर संयोजक की फाईल तैयार, कुल 30 पेज पर एक क्लिक पर पूरी जानकारी उपलब्ध थी। सभी बूथ अध्यक्ष की फोटो मौजूद थी। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ये देखकर मयंक गोयल की तारीफ की।

### जो बता रहे थे पुराने रिलेशन उन्हें देना पड़ा अपना इंट्रोडक्शन

करंट क्राइम। प्रशिक्षण वर्ग शिविर में जब प्रदेश अध्यक्ष आये तो कई राज भी खुले। भाजपा के एक ब्राह्मण नेता ने ये कहा था कि प्रदेश अध्यक्ष के साथ उनके पुराना चुनाव वाला रिलेशन है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि जब प्रदेश अध्यक्ष आये तो रिलेशन वाला कोई करंट नजर नहीं आया। खुद भाजपा के ब्राह्मण नेता को अपना इंट्रोडक्शन देना पड़ा।

### अनिल अग्रवाल को दूर से पहचान गये प्रदेश अध्यक्ष

करंट क्राइम। कॉलेज वाले प्रशिक्षण शिविर में पुराने संबंध भी दिखाई दिये। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दूर से ही पहचान लिया। अभिवादन भी हुआ और मंच से उतरते ही प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल से उनका कुशलक्षेम पूछा और अन्य बातें की।

### कमरे की चाबी को लेकर विधायक जी का उखड़ गया मूड

करंट क्राइम। कार्यक्रम हो रहा है तो ये बातें भी हो जाती हैं और हो गईं। बताते हैं कि एक विधायक को कमरे की चाबी अलाट हुई थी। चाबी विधायक जी के पास पहुंच गई। विधायक जी को तब तक यही पता था कि कमरा उन्हीं के लिए आवंटित है। लेकिन कमरा शेयरिंग बेस पर था और दूसरी तरफ एक क्षेत्रीय पदाधिकारी का फेस था। जब क्षेत्र वाले पदाधिकारी को पता चला कि रूम उनके भी नाम आवंटित है तो उन्होंने विधायक जी से चाबी मंगवाई। बताते हैं कि चाबी वाली बात सुनते ही विधायक जी मूड उखड़ गया। उन्होंने पूछ लिया कि वो क्यों चाबी मांग रहे हैं। तब उन्हें रिमाइंड कराया गया कि कमरा आप दोनों के नाम से कंबाईंड है।

### किसने कहा उन्हें करनी चाहिए थी केयर, वो भी रहे हैं मेयर

करंट क्राइम। प्रशिक्षण वर्ग शिविर है तो यहां मंच वाला पंच था। माईक वाली तल्खी थी और मंच वाली चेयर को लेकर सीन चल रहा था। यहां चर्चा थी कि जब प्रशिक्षण शिविर में उद्घाटन सत्र में अभियान के सहप्रमुख को मंच पर स्थान नहीं मिला तो समझा जा सकता है कि क्या भावना रही होगी। यहां पर एक पूर्व मेयर को मंच पर स्थान नहीं मिलने का किस्सा भी गूंजा। कहा भी गया कि एक चेयर अगर एक्स्ट्रा हो जाती है तो मान सम्मान ही रहता। दूसरे जिले का उदाहरण देकर बताया गया कि संघ और संगठन के बड़े पदाधिकारी के साथ क्षेत्रीय पदाधिकारी को मंच पर स्थान मिला। अगर पूर्व सांसद को मंच पर बिठा रहे हो तो पूर्व मेयर को भी स्थान मिलना चाहिए था।

### रात को देखी भाजपा के धुरंधरों ने धुरंधर-2

करंट क्राइम। भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग शिविर सभी के लिए यादगार रहा। खट्टी मीठी घटनाओं के साथ सभी ने इसका आनंद लिया। मंच, माईक वाले सत्र के बाद जब रात्रि प्रवास का समय आया तो यहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए फिल्म का इंतजाम था। भाजपा के धुरंधरों ने रात को धुरंधर फिल्म देखी और आनंद लिया।



### शाही पनीर से लेकर दूध जलेबी का था इंतजाम

करंट क्राइम। प्रशिक्षण वर्ग शिविर में स्वाद का भी पूरा इंतजाम था और स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा गया। योग शिविर वालों के लिए नाश्ते में मटर और चने का इंतजाम था। नाश्ते में मुंबई का बड़ा पाव हरी मिर्च के साथ था। लंच में छोले भटूरे, लच्छा पराठा, शाही पनीर से लेकर दूध जलेबी का भी इंतजाम था। योगा कराने के लिए 9 बच्चे योग शिक्षक के रूप में बुलाये गये थे।





### जय-वीरू को देखकर पार्षदों ने उठा दिया सवाल

करंट क्राइम। निगम में सब जानते हैं कि जय वीरू की जोड़ी कौन है। यहां सभी को ऐतराज था। पूर्व मेयर ने ये ऐतराज जताया कि जनप्रतिनिधियों के लिए अलग से व्यवस्था क्यों है। जय-वीरू की जोड़ी को देखकर पार्षदों ने सवाल उठा दिया कि हमें क्यों नहीं बुलाया गया। पार्षद अमित त्यागी की स्पेशल ड्यूटी को लेकर भी सवाल उठा। महिला पार्षदों ने भी कार्यकारिणी सदस्य को लेकर सवाल उठाये और यहां पर एक जवाब हवा में ये भी था कि जो संगठन को सहयोग करेगा, उसे ही तवज्जो मिलेगी।

### दो जनप्रतिनिधियों की हुई तारीफ और दो का नाम गया छूट

करंट क्राइम। कार्यक्रम अच्छा था, व्यवस्था को लेकर सभी प्रशंसा कर रहे थे। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने प्रजेंटेशन की तारीफ की। सुधाशुं द्विवेदी ने कहा कि एआई का बेहतरीन प्रयोग हुआ है। जनप्रतिनिधि भी खुश थे। लेकिन जब संगठन के पदाधिकारी के हाथ में माईक आया तो उन्होंने नदिया पार वालों की तारीफ की, दूसरे जनप्रतिनिधियों की तारीफ की लेकिन दो जनप्रतिनिधियों की तारीफ नहीं की। अब फूल वालों में ही चर्चा थी कि वो इस नाम को भूल गये या उन्होंने ये नाम स्किप कर दिया।

# जनप्रतिनिधि का मिजाज इसलिए हुआ था कड़क ध्वज प्रणाम वालों को नहीं भा रही थी विकास वाली सड़क

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास होता है तो हमेशा सत्ता पक्ष से जुड़े सभी लोग इस उपलब्धि पर खुश होते हैं। इस विकास को जनता के लिये सौगात बताया जाता है और विकास से लेकर जनकल्याणकारी योजनाएं सरकार की सकारात्मक कार्यशैली का आईना होती है। दैनिक करंट क्राइम ने प्रकाशित किया था कि सुबह सवेरे एक जनप्रतिनिधि का मूड इसलिये ऑफ हो गया था क्योंकि एक ध्वजप्रणाम वाले लगातार रूड बात कह रहे थे। हालांकिन जनप्रतिनिधि ने पूरे मामले को अपने ही अंदाज में मौके पर ही सुलझा लिया था। मोहल्ले वाले बता रहे हैं कि जनप्रतिनिधि पहले तो काफी देर खामोश रहे थे, लेकिन जब आक्षेप सरकार के कामकाज पर लगने लगे, विकास को लेकर टिप्पणी होने लगी तो फिर जनप्रतिनिधि का भी लहजा बदला। दरअसल पहले ध्वजप्रणाम वालों ने कह दिया कि चुनाव के समय आते हैं, बाद में नहीं आते, इस बात को भी जनप्रतिनिधि हंसकर टाल गये। उसके बाद जब विकास वाला नारियल फूटा तो ध्वजप्रणाम वाले उस सड़क के ही विरोध में आ गए जो जनता के लिये बनाई गई। वो लगातार ये कहने लगे कि ये सड़क क्यों बनाई गई है। अब उन्हें कौन समझाए कि ये सड़क ऐसे ही नहीं बन गई है, इसके लिये नागरिकों का प्रार्थनापत्र मिला है। जन प्रतिनिधि ने अपनी निधि स्वीकृत की है और उसके बाद जनता की सुविधा के लिये इस सड़क का निर्माण हुआ है।

केवल सड़क ही नहीं बल्कि ध्वजप्रणाम वाले ने कई और विकास कार्यो का भी विरोध किया। उनकी इस हरकत पर स्थानीय लोग भी नाराज थे और फिर जब विकास का विरोध हुआ तो जनप्रतिनिधि का मिजाज भी कड़क हो गया। नाराजगी स्वाभाविक थी, माना कि ध्वजप्रणाम वालों के प्रति शिष्टाचार का प्रोटोकॉल है, लेकिन उन्हें भी ये समझना चाहिए कि जनता के बीच खड़े होकर विकास कार्यों का ही विरोध करना आपके भी प्रोटोकॉल के खिलाफ है। सवाल यही था कि विकास कार्य को ध्वजप्रणाम वाले सपोर्ट करेंगे या जनता के बीच खड़े होकर खोट निकालेंगे।

जिस विकास कार्य की लोग प्रशंसा कर रहे हैं उस विकास कार्य की अगर कोई बिना अर्थ के ही आलोचना करेगा तो फिर मिजाज और जुबान दोनों ही कड़क हो जाते हैं। हालांकि यहां पर जनप्रतिनिधि ने बहुत बड़ा दिल दिखाया और उन्होंने मुस्कराकर मौके पर ही इस मामले को सुलझाया। लेकिन मौके पर मौजूद लोगों का यही कहना है कि ध्वजप्रणाम वालों को शालीनता रखनी चाहिए थी और अपने लहजे में संयम बरतना चाहिए।



जब गुडमॉर्निंग वाली मुलाकात में आ गया एक बड़े जनप्रतिनिधि को ध्वजप्रणाम वाले पर गुस्सा

बाद में अपने साथ उन्हें बिठाया भी और प्यार से समझाया भी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कई बार ऐसी मुलाकातें भी हो जाती है कि जिसमें सामने वाला इंटेंशन के साथ टेंशन दे रहा होता है। ऐसे में कई बार सामने वाले के व्यवहार से इरिटेट होकर गुस्सा आ जाता है। किस्सा एक विधानसभा का है और यहां एक बड़े जनप्रतिनिधि लोगों से पार्क गुडमॉर्निंग के साथ मुलाकात कर रहे थे।

सामान्य मुलाकात हो रही थी, जनता के लोग मिल रही थे। जनप्रतिनिधि जनता से सुझाव पूछ रहे थे, उनकी समस्याओं के समाधान पूछ रहे थे। बताते हैं कि एक ध्वज प्रणाम वाले आ गये। जनप्रतिनिधि को उम्मीद थी वो पार्टी प्रॉटोकॉल को वरियता देंगे। लेकिन ध्वजप्रणाम वालों ने यहां लगातार कुछ ऐसी बातें कह दी कि जनप्रतिनिधि भी इरिटेट होगये। जनप्रतिनिधि ने फिर उन्हें एक साईड रहने के लिए बोला। सब देख रहे थे वो इंटेंशन के साथ टेंशन दे रहे थे। यहां बड़े जनप्रतिनिधि ने बहुत ही पेशेंस के साथ काम लिया और फिर उन्होंने इस पूरे मामले को थाम भी लियाा। उन्होंने बाद में ध्वज प्रणाम वालों को अपने साथ बिठाया भी और उन्हें समझाया भी । वजह ये थी कि ध्वज प्रणाम वाले लगातार ये कह रहे थे चुनाव के बाद कोई नहीं आता है। जनप्रतिनिधि ये समझाने की कोशिश कर रहे थे कि हम सुबह सवेरे पब्लिक के बीच हैं तो क्या हम आये नहीं है।

वो बता रहे थे कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी जनता के बीच रहते हैं। हालाकि यहां बात बाद में बहुत ही कूल माहौल में हुई और फिर ध्वज प्रणाम वालों ने जनप्रतिनिधि के साथ फोटो भी खिंचवाया और मधुर रिश्ता भी दिखाया।

पूर्व मेयर अशु वर्मा ने रखा तकनीकी रूप से विकसित होने का फॉर्मूला

# बोले कंपनियों में अनिवार्य रूप से रखा जाए रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट का फंड

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर अशु वर्मा ने मुरादनगर के आईटीएस कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग शिविर में तकनीकी रूप से विकसित होने का फॉमूर्ला रखा। उन्होंने सत्र में वक्ता के रूप में आए डॉ. सुधांशु त्रिवेदी के समक्ष ये बात रखी।



उन्होंने कहा कि सीआरआर फंड की तरह आरएनडी फंड भी होना चाहिए। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि आरएनडी फंड होने की बाध्यता कंपनियों के लिये रखी जाए। उन्होंने कहा कि हम अपने देश को तकनीकी रूप से विकसित राष्ट्र बनाने की राह पर हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कई विदेशी कंपनियां अपने प्रोजेक्ट लगा रही हैं। नोबेल पुरस्कार हमारे देश के हिस्से में आया है। कई विदेशी कंपनियों में भारतीय प्रमुख पदों पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने अपने संबोधन में कई विदेशी कंपनियों के नाम लिये जिनमें अमेरिका से लेकर अन्य देशों की कंपनियां थी। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि यह सब कंपनियां टैक्नोलॉजी के बल पर चलती हैं। उन्होंने कहा कि टैक्नोलॉजी में चीन, जापान, यूके और इजराइल जैसे देश आगे हैं, लेकिन मुझे दुर्भाग्य से ये कहना पड़ रहा है कि हमारे देश में प्रतिभा होते हुए भी संसाधन होते हुए भी वही कंपनियां रिसर्च पर खर्च नहीं करती हैं। उन्होंने कहा कि आरएनडी होनी चाहिए, सीआरआर फंड की तरह एक आरएनडी फंड भी होना चाहिए, यह अनिवार्य रूप से हो।

अशु वर्मा ने कहा कि इसके लिये संशोधन हो और कंपनी कानून बने। प्रत्येक कंपनी के लिये यह नियम होना चाहिए कि इसको आरएनडी फंड रखना होगा।

उन्होंने कहा कि इस कदम के बाद हम रिसर्च के क्षेत्र में उन्नत होंगे, हम विकसित होंगे। आज स्थिति ये है कि देश के नागरिक चीन का मुंह देखते हैं, लेकिन आरएनडी फंड होगा तो स्थिति में सुधार आएगा।

# बकरीद पर कानून व्यवस्था रहे चाक-चौबंद, 14 चौकी प्रभारियों को नई तैनाती

### संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को कमिश्नरेट के बड़े स्तर पर तबादले

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर गाजियाबाद कमिश्नरेट ने कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से 14 उपनिरीक्षकों एवं चौकी प्रभारियों के तबादले किए हैं। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अहम कदम उठाया है।



जारी आदेश के तहत ट्रांस हिंडन जोन, इंदिरापुरम, साहिबाबाद, कौशांबी, टीलामोड़ और शालीमार गार्डन समेत कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नई तैनातियां की गई हैं। डीसीपी धवल जायसवाल का कहना है कि त्योहार के दौरान लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

तबादला सूची के अनुसार पूर्ण सिंह को नीति खंड चौकी, मनोज कुमार त्यागी को वसुंधरा चौकी, मनोज बालियान को अभय खंड चौकी, सोहनवीर सिंह को शिप्रा सिटी क्षेत्र, राजीव यादव को कनावनी चौकी और मनोज नेहरा को वैशाली चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा अरुण कुमार को सिकंदरपुर चौकी, राजेंद्र सिंह को डीएलएफ क्षेत्र, ओमवीर सिंह को प्रह्लादगढ़ी चौकी, अमित कुमार को सर्विलांस सेल, देवेंद्र सिंह को यूपी गेट चौकी, अलका चौधरी को खोड़ा चौकी, कुलवंत सिंह को सीमा चौकी तथा अथर चौधरी को शहीद नगर चौकी पर तैनात किया गया है।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के अनुसार बकरीद के दौरान शांति, सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। सभी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी और सक्रिय पुलिसिंग के निर्देश दिए गए हैं।

# अमेरिकी दूतावास के कार्यक्रमों में यशोदा ग्रुप की एमडी व सीईओ डॉ. उपासना अरोड़ा ने निभाई सक्रिय भागीदारी

## भारत-अमेरिका हेल्थकेयर और डिजिटल ट्रेड सहयोग को नई दिशा देने पर जोर

**सशक्त उपस्थिति**

डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा कि भारत का हेल्थकेयर सेक्टर आज वैश्विक स्तर पर तेजी से उभर रहा है




**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स एवं यशोदा मेडिसिटी की एमडी व सीईओ डॉ. उपासना अरोड़ा ने भारत-अमेरिका व्यापार, हेल्थकेयर सहयोग और डिजिटल सेवा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मंचों पर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। सेवा निर्यात संवर्धन परिषद में हेल्थकेयर सेक्टर की अध्यक्ष तथा इंडो-अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स की क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास द्वारा आयोजित कार्यक्रमों और डिजिटल व्यापार पहलों में प्रमुख वक्ता के रूप में भाग लिया।

डॉ. उपासना अरोड़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत का हेल्थकेयर सेक्टर आज वैश्विक स्तर पर तेजी से उभर रहा है और भारतीय चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता दुनिया भर में नई पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच स्वास्थ्य सेवाओं, डिजिटल ट्रेड और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।



**यशोदा मेडिसिटी और यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स के माध्यम से डॉ. उपासना अरोड़ा लगातार अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं, आधुनिक स्वास्थ्य ढांचे और मरीज केंद्रित सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही हैं।**

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, डिजिटल हेल्थ मॉडल और मेडिकल एक्सपर्टीज के माध्यम से भारत विश्व स्वास्थ्य सेवाओं का एक बड़ा केंद्र बनने की क्षमता रखता है। भारत-अमेरिका साझेदारी इस दिशा में नए अवसरों और रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

अमेरिकी दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापार प्रतिनिधियों के साथ आयोजित विभिन्न बैठकों एवं चचाओं में जलवायु परिवर्तन शमन, डिजिटल व्यापार और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में साझेदारी को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। डॉ. अरोड़ा ने सेवा क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

नई दिल्ली में आयोजित इंडो-यूएस इकोनॉमिक समिट में भी डॉ. उपासना अरोड़ा की भागीदारी चर्चा का केंद्र रही। इस दौरान अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी सहित दोनों देशों के व्यापार एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भारत की आर्थिक प्रगति और हेल्थकेयर सेक्टर की संभावनाओं पर विचार साझा किए।

यशोदा मेडिसिटी और यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स के माध्यम से डॉ. उपासना अरोड़ा लगातार अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं, आधुनिक स्वास्थ्य ढांचे और मरीज केंद्रित सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही हैं। स्वास्थ्य सेवा निर्यात और वैश्विक सहयोग के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# फिर खोड़ा में पहलवान ने सक्रियता दिखाई चलाया सफाई अभियान और खुद भी झाड़ू लगाई





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पप्पू पहलवान खोड़ा में इन दिनों कनेक्टिविटी भी जोड़ रहे हैं और एक्टिविटी भी दिखाई दे रही है। उनकी पतनी ओमवती शालीमार गार्डन इलाके से पार्षद हैं। पप्पू पहलवान भाजपा के महानगर महामंत्री वाले दायित्व से मुक्त हो चुके हैं। यहां पर सियासी भूगोल बता रहा है कि पप्पू पहलवान खोड़ा नगर पालिका की ओर रुख कर चुके हैं। वो सियासत वाले हैं और ऐसे ही उन्होंने शालीमार गार्डन से खोड़ा की ओर मूव नहीं किया है। वो राजनीतिक खिलाड़ी हैं और जाहिर तौर पर कुछ ना कुछ चल रहा है। दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व में भी ये प्रकाशित किया था कि पप्पू पहलवान ने खोड़ा में डेरा डाल लिया है। वो यहां लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। बीते दिनों सांसद अतुल गर्ग खोड़ा पहुंचे तो पप्पू पहलवान भी उनके साथ थे। कहने वाले तो यहां तक कहते हैं कि पप्पू पहलवान के पास ही वो लिस्ट थी कि कहां-कहां जाना है और वो ही खोड़ा के रास्तों से पूरी तरह वाकिफ थे। पप्पू पहलवान की सक्रियता एक बार फिर दिखाई दी है। उन्होंने खोड़ा में सफाई अभियान चलाया है। बड़ी बात ये है कि यहां उन्होंने खुद झाड़ू लगाई है। खोड़ा की सियासी जमीन पर झाड़ू लगातार वो किसे साफ कर रहे हैं। वो झाड़ू लगातार क्या संदेश देना चाहते हैं। खोड़ा नगर पालिका वाले चुनावी रण से पहले पप्पू पहलवान की ये सक्रियता कुछ तो संदेश दे रही है।

26 May -26 page 4 25-05-2026 9:39 PM Page 1



## संपादकीय

# ऊर्जा संकट पर मंथन

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से गहरा रहे वैश्विक संकट के बीच क्वाड देशों की महत्त्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। खास बात यह है कि भारत की मेजबानी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह बैठक होगी। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के अलावा विश्व भर में पैदा हुए ऊर्जा संकट से निपटने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा।

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे को लेकर भी यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली का कोई रास्ता निकलेगा, मगर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के नतीजे में ऐसा कुछ नजर नहीं आया।

क्वाड में शामिल देशों में से भारत पर इस वैश्विक संकट का मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। चूंकि वर्तमान में भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए यह उम्मीद है कि इस बैठक में ऊर्जा संकट का मसला प्रमुखता से रखा जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि क्वाड में अमेरिका भी शामिल है और ईरान के साथ उसके और इजरायल के संघर्ष से ही संकट की यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को होगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को भारत पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अब सबकी नजरें क्वाड की बैठक पर टिकी हैं कि उसमें किन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। इसके बजाय होर्मुज के आसपास अमेरिका की नाकेबंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का भारत पर कितना असर हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दस दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमत में भी एक रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है कि ईंधन के दामों में इजाफे से आने वाले दिनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं भी महंगी होंगी। कुल मिलाकर इस संकट की सबसे ज्यादा मार आमजन पर ही पड़ेगी। इसलिए जरूरी है कि क्वाड की बैठक में इस मसले को प्रमुखता से रखा जाए और संकट का स्थायी समाधान तलाशने की कोशिश की जाए। इस संगठन में भारत, अमेरिका के अलावा आस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं।

# वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा संदेश : डर नहीं, देश की मजबूती पर भरोसा रखें

### पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, MSME और उद्योगों को मिलेगा बड़ा सहारा

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत के कुछ लोग लोगों के बीच डर फैला रहे हैं। उन्हें ऐसा करने की बजाय लोगों में विश्वास जगाना चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच यह बड़ा बयान दिया है। वित्त मंत्री ने पश्चिम एशिया संकट के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत बताया और एमएसएमई के विलंबित भुगतानों पर चिंता व्यक्त की।



**भव्य योजना से मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा बूस्टर :** आर्थिक विकास की इसी गति को औद्योगिक बुनियादी ढांचे का साथ देने के लिए केंद्र सरकार ने 33,660 करोड़ रुपये की 'भव्य' (इल्अश अ) योजना के तहत काम शुरू कर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पहले चरण में 50 नए प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने के लिए राज्यों से अगले चार महीनों के भीतर आवेदन मांगे गए हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की अर्थव्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में कुछ लोग डर फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें ऐसा करने की बजाय लोगों में विश्वास जगाना चाहिए। वित्त मंत्री ने पश्चिम एशिया संकट के बीच अपनी उपलब्धियों को कम आंकने वालों पर भी टिप्पणी की। सीतारमण ने मुंबई में सिडबी के एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि बाहरी कारकों से चुनौतियां होने के बावजूद भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था सकारात्मक और लचीली बनी हुई है।

सरकार की नीतिगत प्रतिक्रिया को झटकों को सहने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य अंतर्निहित विकास गति को बनाए रखना है। वित्त मंत्री ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस कटौती से सरकार को एक लाख करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होगा। सीतारमण ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विलंबित भुगतानों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि एमएसएमई के 8.1 लाख करोड़ रुपये के भुगतान अटके हुए हैं।

#### एमएसएमई को समय पर भुगतान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को 45 दिन की समय सीमा के भीतर भुगतान करें। यह कदम एमएसएमई को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। समय पर भुगतान से उनकी कार्यशील पूंजी की समस्या हल होगी। इससे छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

#### अर्थव्यवस्था की मजबूती

सीतारमण ने देश की आर्थिक मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बाहरी चुनौतियों के बावजूद मजबूत है। नीतिगत उपाय आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित कर रहे हैं। सरकार का लक्ष्य देश की विकास दर को बनाए रखना है। यह लोगों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

#### रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन और शानदार क्रेडिट ग्रोथ

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार काफी मजबूत बनी हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश का सकल जीएसटी कलेक्शन 8.3 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 22 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। बैंकिंग क्षेत्र का समर्थन भी लगातार मिल रहा है, जिसके तहत रिटेल कर्ज (18.1%), कृषि कर्ज (15.5%) और एमएसएमई क्षेत्र के कर्ज (18.2%) में शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा, ट्रैक्टर, यात्री वाहन और दोपहिया वाहनों की बढ़ती बिक्री के साथ-साथ सरकारी बैंकों के घटते एनपीए जैसी बातें मजबूत घरेलू मांग और आर्थिक स्थिरता का स्पष्ट संकेत दे रही हैं।

# अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की उम्मीदों से वैश्विक बाजारों में उछाल, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक शेयर बाजारों में सोमवार को शानदार तेजी देखने को मिली है, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में चार डॉलर से अधिक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। यह सकारात्मक रुख अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने की बातचीत आगे बढ़ रही है। इस भू-राजनीतिक घटनाक्रम ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताओं को कम किया है।



**शांति समझौते की ओर बढ़ते कदम :** राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार, ईरान के साथ बातचीत व्यवस्थित और रचनात्मक तरीके से चल रही है। क्षेत्रीय अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान एक समझौते पर पहुंचने के काफी करीब हैं। इस संभावित समझौते के तहत तीन प्रमुख बातें सामने आ रही हैं: युद्ध की समाप्ति, होर्मुज जलडमरूमध्य का दोबारा खुलना और ईरान की ओर से अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार को छोड़ने पर सहमत होना।।

**ऑस्ट्रेलिया:** सूचकांक 0.4 प्रतिशत बढ़कर 8,692.00 पर पहुंच गया, जबकि शंघाई कंपोजिट में लगभग एक प्रतिशत की बढ़त देखी गई (4,152.57)। दक्षिण कोरिया और हांगकांग के बाजार बुद्ध जयंती के कारण बंद रहे।

**यूरोपीय बाजार:** फ्रांस के सीएसी 40 इंडेक्स में 1.1 प्रतिशत (8,203.32) और जर्मनी के डीएएक्स में 1.0 प्रतिशत (25,148.39) की मजबूती आई। ब्रिटेन के एफटीएसई 100 में भी 0.2 प्रतिशत की बढ़त रही।

**अमेरिकी बाजार:** अमेरिका में 'मेमोरियल डे' के अवकाश के कारण सोमवार को ट्रेडिंग बंद रही। हालांकि, पिछले कारोबारी सत्र (शुक्रवार) में र&ढ 500 में 0.4 प्रतिशत, डाओ जोंस में 0.6 प्रतिशत और नैस्डैक में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

**कच्चे तेल और मुद्रा बाजार पर प्रभाव :** होर्मुज जलडमरूमध्य का दोबारा खुलना कच्चे तेल की कीमतों की दिशा तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाएगा। युद्ध के कारण इसके बंद होने से तेल टैंकरों का फारस की खाड़ी से निकलना रुक गया था।

# सेबी की बड़ी कार्रवाई: 20 करोड़ रुपये की हेराफेरी से जुड़े मामले में सात लोगों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार में हेरफेर के एक बड़े मामले में सात व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन पर सोशल मीडिया मंचों के जरिए 'पंप-एंड-डंप' योजना चलाने का आरोप है। इस योजना से 20.25 करोड़ रुपये से अधिक का अवैध लाभ कमाया गया था। सेबी ने इन सभी को प्रतिभूतियों में कारोबार करने से तुरंत रोक दिया है। सेबी ने 22 मई को जारी अपने 234 पृष्ठ के अंतरिम आदेश में यह निर्देश दिया। नियामक ने फिनफ्लुएंसर हेमंत गुप्ता और उनके बेटों रोहन गुप्ता व अनिकेत गुप्ता को अपंजीकृत शोध विश्लेषक सेवाएं देने से रोका है। उन्हें खुद को शोध विश्लेषक के रूप में पेश करने से भी मना किया गया है।

सेबी के अनुसार, हेमंत, रोहन और अनिकेत ने 'ऑपरेटर' के रूप में काम किया। उन्होंने पहले पतले कारोबार वाले एसएमई शेयरों में अपनी स्थिति बनाई।

फिर सोशल मीडिया पर तेजी की सिफारिशें प्रसारित करके कीमतें बढ़ाईं। इसके बाद उन्होंने लाभ पर अपनी होल्डिंग बेच दी। परिवार के चार अन्य सदस्य, शेरोन, लीना, रजनी और पूर्वांगी गुप्ता ने इस काम में मदद की। उन्होंने अपने ट्रेडिंग खातों का उपयोग करने दिया या ऑपरेटरों के निर्देशों पर व्यापार किया। जांच अवधि 1 दिसंबर 2023 से 20 जनवरी 2026 तक थी। इस दौरान 82 शेयरों में हेराफेरी की गई। रोहन



और अनिकेत ने अपने एक्स हैंडल पर तेजी के अपडेट पोस्ट किए। हेमंत ने इन सिफारिशों को व्हाट्सएप और टेलीग्राम समूहों पर फैलाया।

उन्होंने अक्सर स्पष्ट लक्ष्य मूल्य भी जोड़े। नियामक जांच से बचने के लिए उन्होंने ऐसी जानकारी एक्स पर नहीं डाली। सेबी ने पाया कि इन सात व्यक्तियों का कुल सकल कारोबार मूल्य 86 फीसदी बढ़ा। यह पूर्व-जांच अवधि के 548 करोड़ रुपये से बढ़कर 1023 करोड़ रुपये हो गया।

# बैंकिंग शेयरों में तेजी से बाजार में सुकून, सेंसेक्स 1073 अंक चढ़ा, निफ्टी 24000 पार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को जोरदार उछाल दर्ज किया गया। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट इसका मुख्य कारण रही। अमेरिकी-ईरान वार्ता से जुड़े सकारात्मक माहौल ने भी बाजार को मजबूत सहारा दिया। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।



30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,073.61 अंक या 1.42 फीसदी बढ़कर 76,488.96 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,143.72 अंक तक उछलकर 76,559.07 के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 312.40 अंक या 1.32 फीसदी की बढ़त के साथ 24,031.70 पर समाप्त हुआ। रुपया डॉलर के मुकाबले 35 पैसे बढ़कर 95.25 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एचडीएफसी बैंक, इटरनल, बजाज फिनसर्व और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख लाभ में रहे। इसके विपरीत, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 5.52 फीसदी गिरकर 97.82 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

**वैश्विक बाजारों का प्रदर्शन :** एशियाई बाजारों में भी सोमवार को सकारात्मक रुझान देखने को मिला। जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। दक्षिण कोरिया और हांगकांग में बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे, जिससे वहां कारोबार नहीं हुआ। यूरोपीय बाजार भी तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे, जिससे वैश्विक निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ा।

#### बाजार में तेजी के प्रमुख कारण

बाजार में आई इस जोरदार रिकवरी का नेतृत्व बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर के शेयरों ने किया, जिनमें बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन-तीन प्रतिशत का उछाल दर्ज किया। विनोद नायर, शोध प्रमुख, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने बाजार की मजबूत सकारात्मक गति पर टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि यह कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से प्रेरित थी। अमेरिका-ईरान के बीच संभावित समझौते की बढ़ती उम्मीदें भी एक बड़ा कारक रहीं। होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की दिशा में प्रगति की रिपोर्टों से वैश्विक भावना में सुधार हुआ।

# महंगा तेल और सरकारी सख्ती से बदल रही तस्वीर, देश में घट सकती है पेट्रोल-डीजल की मांग

**नई दिल्ली।** महंगे कच्चे तेल, कमजोर रुपये और सरकारी ईंधन बचत अभियान के कारण भारत में पेट्रोल-डीजल की मांग घटने की आशंका जताई गई है। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर ने 2026 के लिए ईंधन मांग वृद्धि के अनुमान में 39 फीसदी कटौती की है। ईरान युद्ध के कारण डिलीवरी लागत भी 19 फीसदी बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसका असर आम लोगों के खर्च और बाजार की कीमतों पर पड़ सकता है। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर ने भारत की 2026 के लिए रिफाइंड उत्पादों की मांग वृद्धि के अनुमान में बड़ी कटौती की है। कंपनी ने मांग वृद्धि का अनुमान 39 फीसदी घटाकर करीब 78 हजार बैरल प्रतिदिन कर दिया है। पहले यह अनुमान 1.28 लाख बैरल प्रतिदिन था। रिपोर्ट के अनुसार पेट्रोल की मांग वृद्धि का अनुमान भी 63 हजार बैरल प्रतिदिन से घटाकर 38 हजार बैरल प्रतिदिन कर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार महंगे होते



ईंधन और आर्थिक दबाव के कारण लोग गैर-जरूरी यात्राएं कम कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्क फ्रॉम होम बढ़ने, गैर-जरूरी यात्राओं में कमी और सरकार के ईंधन बचत अभियान का सीधा असर डीजल और पेट्रोल की मांग पर पड़ेगा। डीजल की सालाना मांग में करीब 20 हजार बैरल प्रतिदिन की गिरावट आने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा विमान ईंधन यानी एटीएफ की मांग में भी करीब 50 फीसदी तक गिरावट का अनुमान लगाया गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय हालात और महंगे तेल की वजह से लोग यात्रा खर्च कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- प्राचीन यूनानियों और रोमियों ने पनीर को ललित कला बनाने में पहला स्थान दिया था। बड़े रोमन घरों में भी एक विशेष रसोई थी, जिसे पेरेल कहा जाता था, जिसका इस्तेमाल सिर्फ पनीर बनाने के लिए होता था!
- साल 2014 में पनीर का सबसे बड़ा उपभोक्ता फ्रांस, आइसलैंड, फिनलैंड, डेनमार्क और जर्मनी था औसतन प्रत्येक व्यक्ति ने उस वर्ष 55 किलो पनीर का सेवन किया था।
- पनीर को पचाने पर, यह एक ओपिओइड में टूट जाता है। अन्य ओपिओइड जिन्हें आप जानते हैं वे हेरोइन और मॉर्फिन हैं!
- प्रत्येक पाउंड पनीर के लिए 10 पाउंड दूध की आवश्यकता होती है! (नोट : 1 पाउंड = 0.453592 किलोग्राम)
- पहला पनीर बनाने का कारखाना स्विट्जरलैंड में साल 1815 में स्थापित किया गया था, हालांकि संयुक्त राज्य में सफल बड़े पैमाने पर उत्पादन साल 1851 में शुरू हुआ था।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में सबसे अधिक चोरी होने वाले खाद्य पदार्थ पनीर है, इसके साथ ही 4% पनीर बेची जाती हैं, जो चोरी हो जाती हैं।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

कौन कहता है औरतें
अपनी गलती नहीं मानतीं...
मेरी वाली तो रोज मानती है, कहती है....
गलती हो गई तुमसे शादी करके...!!!

---

पापा - एक काम ढंग से नहीं करता
बेटा - सॉरी पापा
पापा - बंदर देखा है तूने?
बेटा - हां
पापा - वैसी ही शक्ल है तेरी
बेटा - पर मम्मी तो कहती है कि
तू पापा जैसा दिखता है...!!!

---

पापा - हमेशा फोन में लगी रहती है
बेटी - सॉरी पापा
पापा - तू जब फ्री होती है तो क्या करती है?
बेटी - फोन चार्ज करती हूं
पापा - और फ्री कब होती हो?
बेटी - जब फोन की बैट्री खत्म हो जाती है...!!!
पापा बेहोश...

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

26 05 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन



विजय राघवेन्द्र
अभिनेता



साक्षी तमरवाल | मोनिका प्रजापति | मनीष कुमार वत्स | नितिन कौशिक | प्रतीक शर्मा



प्रिंस चौधरी | सुनील दत्त | सुधीर सिंघल | कुश यादव | रोहित | अंकित त्यागी | रोहित शर्मा



प्रिंस त्यागी | चौ विशांत नरेश | चौधरी अंकुश | डॉ. अनिल पांडेय | प्रेम शशांक | नितिन उपध्याय | सागर कुमार

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com





# सिंगापुर ओपन में भारतीय चुनौती, लक्ष्य और सिंधू पर नजर, सात्विक-चिराग भी उतरेंगे कोर्ट पर

**नई दिल्ली।** सिंगापुर ओपन में भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे सुपर 750 टूनार्मेंट में जीत की राह पर लौटने और खिताबी सूखा खत्म करने के इरादे से उतरेंगे। इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट की कुल इनामी राशि 10 लाख डॉलर है।

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन पिछले सप्ताह शानदार शुरूआत नहीं कर सके थे और पहले दौर में ही बाहर हो गए थे। सिंगापुर ओपन में उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग झू से होगा। लक्ष्य इस साल ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन खिताब जीतने से चूक गए। ऐसे में उनसे इस टूनार्मेंट में दमदार वापसी की उम्मीद रहेगी।



### सिंधू के सामने कठिन चुनौती

महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी से होगा। सिंधू ने हाल ही में थाईलैंड ओपन में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन पिछले कुछ टूनार्मेंटों में वह लगातार शुरूआती दौर में संघर्ष करती नजर आई हैं। ऐसे में सिंगापुर ओपन उनके लिए लय हासिल करने का बड़ा मौका माना जा रहा है।

एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयुष शेट्टी का मुकाबला कनाडा के विक्टर लाइ से होगा, जिन्होंने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। वहीं, भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत के सामने 2021 विश्व चैंपियन लोह कीन यू की चुनौती होगी।

विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे। महिला एकल में पोलिश ओपन विजेता और दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति हुड्डा का सामना जापान की पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन तोमोका मियाजाकी से होगा। इसके अलावा मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की लिन सियांग ति के खिलाफ चुनौती पेश करेंगी।

### पुरुष युगल में सात्विक-चिराग से उम्मीदें

पुरुष युगल में भारत की स्टार जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का मुकाबला अमेरिका के चेन झि यी और प्रेसली स्मिथ से होगा। वहीं, हरिहरन अम्साकारूनन और एम आर अर्जुन की भिड़ंत जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी से होगी।

महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी का सामना स्पेन की पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिगेज से होगा। रुतुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी थाईलैंड की फत्तारिन ए और सरिसा जानपेंग के खिलाफ उतरेगी। इसके अलावा अश्विनी भट के और शिखा गौतम की जोड़ी चीनी ताइपे की चांग सिंग हुइ और यांग चिंग तुन से मुकाबला करेगी।

# धर्मशाला में कैसा रहेगा मौसम, क्या बारिश डालेगी मैच में बाधा?

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को धर्मशाला में आईपीएल 2026 सीजन का क्वालिफायर-1 मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों ने ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन किया और शीर्ष दो पर रहकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। इस मैच में जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में जाएगी, जबकि हारने वाली टीम को एक मौका और मिलेगा। क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम एलिमिनेटर की विजेता से क्वालिफायर-2 में खेलेगी।



### प्लेऑफ और फाइनल का कार्यक्रम

धर्मशाला में मंगलवार को कैसा मौसम रहेगा इस बारे में जानने से पहले आइए देखते हैं कि प्लेऑफ का कार्यक्रम क्या है। मालूम हो कि प्लेऑफ में आरसीबी, गुजरात, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें पहुंची हैं। आरसीबी और गुजरात शीर्ष दो में शामिल हैं, जबकि हैदराबाद तीसरे और राजस्थान अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही।

### धर्मशाला में कैसी होगी पिच?

तेज गेंदबाजों की मददगार धर्मशाला की पिच पर आईपीएल के इस सत्र में बल्लेबाजों ने सहजता से बड़े स्कोर बनाए हैं और मंगलवार को आरसीबी और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले पहले क्वालिफायर मैच में मुख्य मुकाबला बल्लेबाजों और तेज गेंदबाजों के बीच होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के स्टेडियम में इस सत्र में यहां खेले गए तीनों मुकाबलों में पहली पारी का स्कोर 200 रन के आंकड़े तक पहुंचा या उससे आगे निकला। तेज गेंदबाजों को धर्मशाला में सीम मूवमेंट और अतिरिक्त उछाल मिलती है, लेकिन इस सत्र के आंकड़े बताते हैं कि धर्मशाला अब केवल गेंदबाजों के लिए मुफीद विकेट नहीं रह गया है।

समुद्र तल से लगभग 1450 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह मैदान भारत के उन चुनिंदा स्थलों में शामिल है, जहां तेज गेंदबाजों को नई गेंद से लगातार स्विंग और अतिरिक्त उछाल मिलती है। पहाड़ी इलाकों की ठंडी और हल्की हवा गेंदबाजों को हार्ड लेंथ पर प्रभावी गेंदबाजी करने में मदद करती है। अन्य मैदानों के विपरीत यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिलने का मतलब कम स्कोर वाला मैच नहीं होता। पहले क्वालिफायर में काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन-सी टीम शुरूआती छह ओवरों में गेंद से बेहतर प्रदर्शन करती है।

### टॉस की भूमिका होगी अहम

टॉस भी इस मैदान पर अहम भूमिका निभा सकता है।

इस सत्र के तीन में से दो मुकाबले लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीते हैं। इसकी बड़ी वजह यह रही कि गेंद पुरानी होने और ओस पड़ने के बाद बल्लेबाजी आसान हो जाती है। ऐसे में मंगलवार रात भी पहले गेंदबाजी करना टीमों की प्राथमिकता हो सकती है। ऐसे में आरसीबी का संतुलित तेज गेंदबाजी आक्रमण, पावरप्ले जैसे निर्णायक चरण में परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाने के मामले में गुजरात टाइटंस पर मामूली बढ़त दिला सकता है।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मानी खराब फॉर्म की बात, कहा- दिग्गजों की आलोचना बिल्कुल जायज है

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने किसी तरह का बहाना बनाने से परहेज करते हुए स्वीकार किया कि 2024 का विश्व खिताब जीतने के बाद से उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा और उनके खेल को लेकर पूर्व दिग्गजों की आलोचना जायज थी। गुकेश ने पिछले 18 महीनों में निराशाजनक प्रदर्शन किया है और वह इस साल के आखिर में अपना विश्व किताब बचाए रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि कहा कि वह आलोचनाओं को नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ अपने विश्व खिताब का बचाव करने से पहले परिणाम उनके अनुकूल नहीं रहे हैं।



गुकेश ने कहा, कुछ पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों की आलोचना या टिप्पणियों पर मैंने गौर नहीं किया लेकिन इनमें से कुछ मैंने सुनी हैं और मुझे लगता है कि वह जायज हैं। उन्होंने कहा, पिछले डेढ़ साल से मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। मुझे लगता है कि मेरा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है।

आलोचकों को अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अधिकार है। गुकेश ने इस साल टाटा स्टील शतरंज टूनार्मेंट में 10वां, प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में नौवां और हाल ही में ग्रैंड शतरंज टूर पर सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पोलैंड में छठा स्थान हासिल किया। गुकेश ने हाल ही में ग्रैंड शतरंज टूर की सभी क्लासिकल प्रतियोगिताओं से हटने का फैसला किया है और फिलहाल वह चैलेंजर सिंदारोव के खिलाफ अपने विश्व चैम्पियनशिप खिताब के मुकाबले से पहले केवल नॉर्वे शतरंज और शतरंज ओलंपियाड में ही खेलेंगे।

गुकेश ने कहा कि उन्हें विश्व चैम्पियनशिप का मैच दुनिया में कहीं भी खेलने में खुशी होगी, लेकिन इसके साथ ही यह भी स्वीकार किया कि अगर इसे भारत में आयोजित किया जाता है तो यह उनके लिए खास बन जाएगा। उन्होंने कहा, इसे कहीं भी आयोजित किया जाता है मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। भारत में हमेशा बहुत दबाव रहता है। विश्व चैंपियनशिप बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी। अगर यह भारत में होती है तो यह बहुत बढ़िया होगा और मुझे बहुत खुशी होगी।

# अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप : वियतनाम में भारतीय पहलवानों का जलवा, 3 स्वर्ण समेत 8 पदकों पर किया कब्जा

**नई दिल्ली।** भारत का अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रविवार को शानदार प्रदर्शन जारी रहा जिसमें दूसरे दिन मानसी लाठेर, काजल और सुमित ने स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा कायम रखा। मानसी ने 68 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया और उज्बेकिस्तान की फिरूजा एसेनबाएवा को 14-1 से करारी शिकस्त दी। काजल का 76 किग्रा फाइनल में प्रदर्शन भी शानदार रहा। उन्होंने किर्गिस्तान की आइझारकिन झानीबेकोवा को 10-0 से हराया। वहीं ग्रीको-रोमन पहलवान सुमित ने 63 किग्रा वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के ओजोदबेक खलीलबोएव को 12-2 से हराया। इन तीन स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय दल ने दो रजत और तीन कांस्य पदक भी जीते। स्वीटी को वियतनाम की न्गोक एल से 5-7 से हार मिली और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा ने भी 59 किग्रा वर्ग फाइनल में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन उज्बेकिस्तान की लायलोखोन सोबिरोवा से 5-9 से हार गईं। इसके साथ ही भारत को दिन का दूसरा रजत पदक मिला।



इस बीच अहिल्या एस शिंदे ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने किर्गिस्तान की अरुके कादिरबेक किजी को 13-2 से करारी शिकस्त दी। ग्रीको-रोमन वर्ग में नीरज पटेल ने 55 किग्रा वर्ग के मुकाबले में बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन किया। उन्होंने कजाकिस्तान के रऊआन बेकिमोव को 8-0 से हराकर आसानी से कांस्य पदक अपने नाम किया। पदकों की संख्या में इजाफा करते हुए रोहित बुरा ने 87 किग्रा वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने किर्गिस्तान के आर्टिकबेक अलीमबेक उलू को 9-0 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई।

# कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय टीम का बड़ा इम्तिहान, आस्ट्रेलिया को देगी कड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही चार मैचों की श्रृंखला के जरिये एफआईएच नेशंस कप की मजबूत तैयारी करने का प्रयास करेगी। सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम का लक्ष्य 15 से 21 जून तक आकलैंड में होने वाले नेशंस कप से पहले लय हासिल करने का होगा। अर्जेंटीना में इस साल की शुरूआत में बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम ने दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के खिलाफ श्रृंखला 2 .2 से ड्रॉ कराई थी। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने दो मैच जीतकर वापसी की थी।

भारतीय टीम ने बेंगलुरू स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर में काफी अभ्यास किया जिससे खिलाड़ियों को ढांचागत खेल, अपने कौशल को निखारने, पेनल्टी कॉर्नर में विविधता आजमाने और मैच फिटनेस हासिल करने में मदद मिली। भारतीय कप्तान सलीमा ने कहा ,आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना आसान नहीं है। हमें तैयारी के लिये इस तरह के मैच खेलने होंगे और हर मैच काफी अहम होगा। हम नेशंस कप में आत्मविश्वास के साथ उतरना चाहते हैं। एफआईएच रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारतीय टीम में सोनम , हीना बानो और लालथांटजुआंगी जैसे युवाओं को मौका दिया गया है।



भारत बनाम आस्ट्रेलिया श्रृंखला कार्यक्रम : पहला मैच : 26 मई (शाम पांच बजे से) दूसरा मैच : 27 मई (शाम पांच बजे से) तीसरा मैच : 29 मई (सुबह 11 बजे से) चौथा मैच : 30 मई (सुबह 11 बजे से) भारतीय टीम : गोलकीपर : सविता, बिछू देवी खारीबम डिफेंडर : निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, सुशीला चानू, लालथांटलुआंगी, ज्योति, शिल्पी डबास मिडफील्डर : सलीमा टेटे, लालरेम्सियामी, नेहा, साक्षी राणा, सुनेलिटा टोप्पो, दीपिका सोरेंग, सोनम फॉरवर्ड : नवनीत कौर, बलजीत कौर, दीपिका, अन्नु, इशिका, हीना बानो, रूतुजा पिसल।

# अर्जेंटीना को विश्व कप से पहले बड़ा झटका! लियोनेल मेस्सी फिर चोटिल, बीच मैच में छोड़ा मैदान



**अर्जेंटीना।** लियोनेल मेस्सी के विश्व कप से पहले चोटिल होने की आशंका बन गई है क्योंकि अर्जेंटीना के इस स्टार फुटबॉलर ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए मैच के बीच में मैदान छोड़ दिया था। इस तरह से मेस्सी समय से पहले अवकाश पर चले गए और अब मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को यह देखना होगा कि क्या उन्हें कोई चोट लगी है या नहीं। मेस्सी 73वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए। लुई सुआरेज के तीन गोल की मदद से इंटर मियामी ने इस मैच मेंफिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ 6-4 से जीत हासिल की। मेस्सी की किसी भी समस्या के बारे में तत्काल कोई पता नहीं चल पाया है।

इंटर मियामी के साथ अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान मेस्सी को कम से कम दो बार हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझना पड़ा है। मेस्सी ने मैदान छोड़ने से पहले कम से कम एक बार अपनी बायीं हैमस्ट्रिंग को स्पर्श किया और फिर जब उन्हें सब्स्टीट्यूट किया जा सकता था तो वह इंटर मियामी के बेंच की ओर भी नहीं गए। मेस्सी मैदान को टीम के लॉकर रूम से जोड़ने वाली सुरंग से होते हुए बाहर निकल गए। मेस्सी धीरे-धीरे चल रहे थे और उनके साथ टीम के मेडिकल स्टाफ का कोई भी सदस्य नहीं था। मैच के दूसरे हाफ की शुरूआत में ही तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे कुछ खिलाड़ी मैदान पर फिसलते हुए नजर आए। यह स्पष्ट नहीं था कि मेस्सी का मैदान से बाहर जाना एहतियाती कदम था या नहीं। ऐसा भी नहीं लगा कि बारिश के दौरान उन पर किसी तरह की चोट लगी हो।मेस्सी पहले भी कह चुके हैं कि वह पूरी तरह फिट होने पर ही विश्व कप में खेलेंगे। अर्जेंटीना ग्रुप चरण का अपना पहला मैच 16 जून को खेलेगा। मेस्सी पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं और टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दो बार गोल्डन बॉल पुरस्कार जीत चुके हैं। उन्होंने यह पुरस्कार पहली बार 2014 में और फिर 2022 में जीता था जब उन्होंने अर्जेंटीना को खिताब दिलाया था। यह पुरस्कार 1982 से ही दिया जा रहा है, लेकिन वह इसे दो बार जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। अर्जेंटीना विश्व कप के ग्रुप जे में है जिसमें उसका सामना 16 जून को कंसास सिटी में अल्जीरिया, 22 जून को अर्लिंग्टन, टेक्सास में ऑस्ट्रिया और 27 जून को अर्लिंग्टन में ही जॉर्डन के खिलाफ होगा। अर्जेंटीना अगर आगे बढ़ता है तो मेस्सी को मियामी गार्डंस में भी खेलने का मौका मिल सकता है लेकिन यह इस पर निर्भर करता है कि यह स्टार स्ट्राइकर विश्व कप में खेलते भी है या नहीं क्योंकि इसमें अभी कुछ संदेह लग रहा है।

> **मेस्सी पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं और टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दो बार गोल्डन बॉल पुरस्कार जीत चुके हैं।**

# रोलां गैरो में गूंजा 'निशेश-निशेश', भारतीय मूल के खिलाड़ी ने कर दिया बड़ा उलटफेर, टेलर को हराया

**नई दिल्ली।** निशेश बसावारेड्डी ने फ्रेंच ओपन 2026 में ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने टेनिस जगत को चौंका दिया। भारतीय मूल के इस युवा अमेरिकी खिलाड़ी ने रोलां गैरो के पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूनार्मेंट का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। 21 वर्षीय निशेश ने चार सेट तक चले मुकाबले में फ्रिट्ज को 7-6(5), 7-6(5), 6-7(9), 6-1 से मात दी। दुनिया में 148वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी से ऐसी उम्मीद बहुत कम लोगों ने की थी, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाकर सबको हैरान कर दिया।



रोलां गैरो में गूंजे 'निशेश' के नारे जैसे ही फ्रिट्ज चौथे सेट में पूरी तरह दबाव में आए और मुकाबला हार गए, कोर्ट सुजैन लेंगलेन का माहौल बदल गया। दर्शकों ने खड़े होकर निशेश का जोरदार स्वागत किया और पूरा स्टेडियम 'निशेश! निशेश!' के नारों से गूंज उठा। फ्रेंच दर्शकों का यह सम्मान इस युवा खिलाड़ी के लिए बेहद खास पल बन गया। यह उनके करियर की पहली टॉप-10 जीत भी रही। इसके साथ ही वह साल 2000 के बाद रोलां गैरो में किसी टॉप-10 खिलाड़ी को हराने वाले पहले अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी बने।

### ड्रॉप शॉट्स और आक्रामक खेल ने दिलाई जीत

मुकाबले के दौरान निशेश ने अपनी रणनीति और विविधता से फ्रिट्ज को लगातार परेशान किया। उनके बेहतरीन ड्रॉप शॉट्स और निडर शॉट मेकिंग ने सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी की लय बिगाड़ दी। फ्रिट्ज घुटने की चोट के कारण लंबे समय से ज्यादा मैच नहीं खेल पाए थे और निशेश ने इसका पूरा फायदा उठाया।

यह पहली बार नहीं है जब निशेश ने बड़े मंच पर अपनी छाप छोड़ी हो। इससे पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में उन्होंने अपने आदर्श नोवाक जोकोविच को कड़ी चुनौती दी थी। ग्रैंड स्लैम डेब्यू में वह मुकाबला हार जरूर गए थे, लेकिन उनके जुझारू खेल की काफी तारीफ हुई थी। खुद जोकोविच ने भी माना था कि युवा खिलाड़ी ने उन्हें अपने खेल से प्रभावित किया।

मैच के बाद निशेश ने फ्रेंच भाषा में दर्शकों का धन्यवाद कर सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा, 'आपके सामने यहां खेलना अविश्वसनीय अनुभव है। आज मिले समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।' इसके बाद अंग्रेजी में उन्होंने कहा, 'यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। पहला फ्रेंच ओपन मेन ड्रॉ और इतना समर्थन मिलना अविश्वसनीय है।' दूसरे दौर से पहले उन्होंने मुस्कुराते हुए दर्शकों से कहा, 'अगले मैच में भी मुझे आप सभी का समर्थन चाहिए होगा।'

## कोलकाता को हराकर दिल्ली ने जीत के साथ समाप्त किया सफर

# आईपीएल का लीग चरण खत्म हुआ, अब प्लेऑफ की बारी





**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 40 रनों से हरा दिया। रविवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में केकेआर 18.4 ओवर में सिर्फ 163 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सर्वाधिक 63 रनों की पारी खेली। इसी के साथ आईपीएल 2026 का लीग चरण समाप्त हो गया।

### प्लेऑफ की चारों टीमें तय

प्लेऑफ की चारों टीमें तय हो चुकी हैं। आरसीबी, गुजरात, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने में सफल रहीं। तालिका में शीर्ष-दो स्थानों पर रहने वाली आरसीबी और गुजरात के बीच 26 मई को धर्मशाला में पहला क्वालिफायर मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, 27 मई को मुल्लांपुर में हैदराबाद और राजस्थान के बीच एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा।

इस सीजन दिल्ली का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। 14 में से सात मैच जीतकर टीम 14 अंक और -0.651 के नेट रन रेट के साथ छठे पायदान पर रही। वहीं, केकेआर को छह मुकाबलों में जीत मिली जबकि सात मैचों में हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा एक मैच उनका बारिश के कारण रद्द रहा। केकेआर 13 अंक और -0.147 के नेट रन रेट के साथ तालिका में सातवें स्थान पर रही।

दिल्ली को सलामी जोड़ी ने मजबूत शुरूआत दिलाई। अभिषेक पोरेल ने केएल राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 27 गेंदों में 40 रन की साझेदारी की। अभिषेक 18 गेंदों में 4 चौकों के साथ 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद साहिल परख ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए 30 गेंदों में 47 रन जुटाकर टीम को 87 के स्कोर तक पहुंचाया। साहिल 17 गेंदों में एक छक्के और तीन चौकों के साथ 24 रन बनाकर आउट हुए। यहां से केएल राहुल ने कप्तान अक्षर पटेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 19 गेंदों में 38 रन जोड़े। केएल राहुल ने अपनी इस तूफानी पारी में 30 गेंदों का सामना करते हुए चार छक्कों और पांच चौकों के साथ 60 रन बनाए।

दिल्ली ने 125 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए थे, जहां से अक्षर पटेल ने डेविड मिलर के साथ चौथे विकेट के लिए 25 गेंदों में 41 रन की साझेदारी करते हुए टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। अक्षर 25 गेंदों में 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि डेविड मिलर ने 19 गेंदों में 28 रन की पारी खेली।

# ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मेगन शट ने ऐसा क्या कहा कि चौंके फैंस? महिला टी20 विश्वकप 2026 से जुड़ा मामला

**आस्ट्रेलिया।** मेगन शट ने सोमवार को बड़ा एलान करते हुए कहा कि आगामी 2026 महिला टी20 वर्ल्ड कप उनके करियर का आखिरी आईसीसी टूनार्मेंट होगा। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी तेज गेंदबाज ने माना कि अब समय आ गया है जब नई पीढ़ी को टीम की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाली मेगन शट ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की सबसे सफल गेंदबाजों में गिनी जाती हैं। उन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 240 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 309 विकेट हासिल किए हैं।

### 'वर्ल्ड कप जीतने की भूख अब भी बाकी'

मेगन शट ने कहा कि वह अब भी जीत के लिए उतनी ही भूखी हैं और 2026 टी20 वर्ल्ड कप जीतकर अपने आईसीसी करियर का शानदार अंत करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'भूख एक शब्द है और मेरे लिए यह बदला या जिद जैसा है। मैं हर चीज में प्रतिस्पर्धी हूं। पिछले दो टूनार्मेंट काफी चुभे थे। इतने वर्षों तक सफलता का हिस्सा रहने के बाद हार और ज्यादा दर्द देती है।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन फिर आप उन खिलाड़ियों के बारे में सोचते हैं जिन्होंने कभी वर्ल्ड कप नहीं जीता। तब एहसास होता है कि मैं कितनी खुशकिस्मत रही हूं और अब अगली पीढ़ी के साथ उस सफर को फिर शुरू करना चाहती हूं।' मेगन ने साफ कहा कि वह उन खिलाड़ियों में शामिल नहीं होना चाहतीं जो जरूरत से ज्यादा समय तक टीम में बने रहते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं ज्यादा प्लानिंग करने वालों में नहीं हूं, लेकिन लगातार होने वाले वर्ल्ड कप और क्रिकेट शेड्यूल के बीच आखिरकार फैसला लेना पड़ता है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं किसी और क्छ्उ टूनार्मेंट तक खेल पाऊंगी। मैंने अपना समय दिया है और अब अगली पीढ़ी को आगे आने देना चाहिए। मैं ऐसा खिलाड़ी नहीं बनना चाहती जो जरूरत से ज्यादा लंबे समय तक टीम में बना रहे और बिना एहसास किए टीम पर बोझ बन जाए।' मेगन ने यह भी माना कि शारीरिक रूप से वह अब भी फिट हैं, लेकिन युवा खिलाड़ी तेजी से आगे आ रहे हैं और वही काम करने में सक्षम हैं जो वह करती रही हैं। ऑस्ट्रेलिया महिला टीम इस बार रिकॉर्ड सातवां महिला टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। टीम अपने अभियान की शुरूआत 13 जून को मैनचेस्टर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करेगी। वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन अभ्यास मैच खेलेगी।



# गाजियाबाद आसपास




## गंगा दशहरा पर गंगनहर घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**मुरादनगर करंट क्राइम।** गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को गंगनहर घाट पर श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए घाट पहुंचने लगे और आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना तथा दान-पुण्य किया। घाट पर धार्मिक माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने गंगा मैया की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे स्नान के लिए पहुंचे, जिससे पूरे घाट क्षेत्र में मेले जैसा नजारा दिखाई दिया।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने गंगनहर घाट पर व्यापक इंतजाम किए थे। घाट पर पुलिस बल के साथ पीएसी फ्लड कंपनी के गोताखोर लगातार गश्त करते रहे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत राहत और बचाव कार्य किया जा सके।

भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी लगातार मुस्तैद नजर आए। सुरक्षा और व्यवस्थाओं के बीच श्रद्धालुओं शांतिपूर्ण ढंग से पर्व रहे हैं। उधर, गंगा दशहरा पर्व पर नरौरा के गांधीघाट और अनूपशहर के मस्तरामघाट पर गंगा नदी में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

## लोनी में भूमाफियाओं पर बड़ी कार्यवाही की रूपरेखा तैयार

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने तहसील में की हाईलेवल विभागीय बैठक

**अवैध कालोनियों, सरकारी भूमि पर गरजेगा बुलडोजर, अधिकारियों को सख्त निर्देश**



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में अवैध कॉलोनियों और भूमाफियाओं के खिलाफ बड़े अभियान की तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार को लोनी तहसील में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अधिकारियों के साथ अवैध कब्जों, प्रतिबंधित जमीनों पर निर्माण और शहर के अव्यवस्थित विकास को लेकर कड़ा रुख अपनाया। बैठक के बाद संकेत साफ हैं कि जल्द ही लोनी में अवैध निमार्णों पर बुलडोजर कार्रवाई होगी। साथ ही दोषियों के खिलाफ भी कठोर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

लोनी तहसील में एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शहर के विकास, सुंदरीकरण, यातायात व्यवस्था और अवैध कब्जों को हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने एनएचएआई को पावी में देहरादून एक्सप्रेस वे के नीचे जलभराव की समस्या को तत्काल दूर करते हुए सीसी रोड़ निर्माण के लिए निर्देशित किया जिस पर जल्द निर्माण के लिए एनएचएआई ने हामी भरते हुए कहा जल्द जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया कि दिल्ली-देहरादून मार्ग पर गढ़ी कटैया कट से पुस्ता चौकी तक सर्विस लेन पर प्रॉपर्टी डीलरों ने अवैध कब्जे कर रखे हैं। इन कब्जों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बैठक में यह भी मुद्दा उठा कि राधा स्वामी सत्संग व्यास के पास सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित भूमि पर भी अवैध निर्माण किए गए हैं। वहीं इलाइचीपुर, संपर्क क्षेत्र में शत्रु संपत्ति पर भी भूमाफियाओं के कब्जे की शिकायत सामने आई। विधायक ने चिंता जताई कि लोनी में तेजी से अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। इससे शहर का नियोजित विकास बाधित हो रहा है और सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिना मानकों के विकसित हो रही कॉलोनियां भविष्य में बड़ी समस्या बन सकती हैं। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक ने साफ कहा कि जो प्रॉपर्टी डीलर लोगों से धोखाधड़ी कर रहे हैं, उनके खिलाफ भूमाफिया एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए जाएंगे। अवैध निमार्णों को चिन्हित करने के लिए विभागीय टीमें गठित कर दी गई हैं। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि इस अभियान से लोनी में जाम, गंदगी और अव्यवस्थित विकास जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने दोहराया कि सरकारी और प्रतिबंधित जमीनों पर कब्जा करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में एसडीएम लोनी, जीडीए के जोनल अधिकारी, एनएचएआई के अधिकारी, नगरपालिका के अधिकारी, और राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अभियान को लेकर समन्वय बनाकर कार्रवाई करने की बात कही।




### मौलवी मिल गया मगर झुग्गी वाले लैंडलार्ड फैजल का पता नहीं चला

दिव्य दृष्टि के मालिक हैं लोग और वो बाहर से बता देते हैं कि दरवाजे के उस पार कौन है। बड़े जोर शोर से नंबर मिलवाया था मगर फिर पता नहीं क्या हुआ कि उनकी जुबान पर फिर वो नाम ही नहीं आया। सबने देखा और सुना और उन्हें लगा कि अब फैजल मियां को पकड़ा ही जायेगा। वो पुलिस को बता ही देंगे कि टोटल कितनी झुग्गी हैं और एक झुग्गी का मासिक किराया क्या है। निगम वाले शोर मचा रहे हैं कि पता लगाओ कि कौन है फैसल निगम के भीतर ही बैठा है फैसल। अब सवाल आरडब्लूए वालों से लेकर वार्ड वालों तक यही उठ रहा है कि जब मौलवी मिल गया तो फिर झुग्गी वाला फैजल क्यों नहीं मिला। अगर पूरा थाना सस्पेंड हो सकता है तो निगम में भी सस्पेड वाला सीन चल सकता है। तलाशों तो सही फैजल निगम से ही निकलेगा।

### हमने तुम्हें वोट दिया था तुम्हारे तो हमारे हक में बोलना चाहिए था

बंगाल वाले चुनाव के बाद पता चला है कि सबका साथ सबका विकास वाली बात जुमला थी। अधिकारी ने पहले ही हमले में जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया। साफ कहा कि जिसने हमें वोट दिया है हम उसके हैं। गाजियाबाद के मौहल्ले वालों ने जब ये सुना तो कहा कि ये बात हमारे पार्षद को भी बता दो। वो बता रहे हैं कि हमने वोट देकर उन्हें पार्षद बनाया और पहली चोट उन्होंने हमारे ही हितों पर मारी। वो बुल्डोजर बुला लाये, वो सर्वेवाले बुला लाये। हाउस टैक्स पर हम पूछते रहे और वो हमें गुमराह करते रहे। एक दिन ये हुआ कि वो भी चुपचाप जाकर अपने घर का हाउसटैक्स जमा कराकर आ गये। मौहल्ले वाले कह रहे हैं कि कम से कम तुम्हें उस वोट की लिहाज करनी थी जिस वोट से तुम जीत कर पार्षद बने। तुम्हें तो कम से कम हमारे हक में बोलना चाहिए था।

### हमारे काम कल भी दाम से हो रहे थे और आज भी दाम से हो रहे हैं

व्यापार वालों ने ही ये सरकार बनाई है। ये फूल ऐसे ही नहीं खिला है इसके लिए सभी ने जान लगाई है। केवल कार्यकर्ताओं के दम पर सरकार नहीं आती है। सरकार को जनता लेकर आती है और जनता में व्यापारी से लेकर आरडब्लूए तक सभी आते हैं। दूसरी बार सरकार की बारी हैं लेकिन अब सरकार के समर्थक व्यापारी वर्ग की खुमारी उतर चुकी है। बात सरकार के लाभ की चली और बात सरकार के नुमाइंदों से नजदीकी की चली। पुराने व्यापारी ने कही कहा कि भाई साहब ऐसी नजदीकी से दूरी ही ठीक रहती है। कम से कम मन मुटाव नहीं होता और राम राम तो हो ही जाती है। उन्होंने एक किस्से का जिक्र किया और उसके महत्वपूर्ण हिस्से को ऑफ द रिकार्ड कर लिया। पुराने व्यापारी ने इतना ही कहा कि हमारे काम पहले भी दाम देकर ही हो रहे थे और आज भी दाम देकर ही हम अपने काम करा रहे हैं। ये तो बिना मतलब हमारे मुखमंडल पर केसरिया रंग पोत दिया गया है वरना काम हम अपने ढंग से करा रहे हैं।

## आईएमएस गाजियाबाद में हार्वर्ड मैनेज मेंटर अवॉर्ड फेलिसिटेशन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेस कैंपस के सभागार में हार्वर्ड मैनेज मेंटर अवॉर्ड फेलिसिटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 549 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें बीबीए के 350, बीसीए के 68, बीएससी के 100 तथा बीएजेएमसी के 31 छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

विद्यार्थियों को स्ट्रैटेजिक थिंकिंग, गोल सेटिंग, स्ट्रैटेजी प्लानिंग एंड एग्जीक्यूशन, प्रोसेस इम्प्रूवमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी, बिजनेस प्लान डेवलपमेंट, एथिक्स एट वर्क, क्राइसिस मैनेजमेंट, नेगोशिएटिंग, डिजिटल इंटेलिजेंस, लीडिंग विद जेनरेटिव एआई, जैसे विषयों में प्रमाण पत्र-प्रदान किए गए। आईएमएस गाजियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के महासचिव सीए डॉ. राकेश छारिया ने सर्टीफिकेशन पूरा करने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अंकुश जौहरी रहे। उन्होंने कहा कि ये पाठ्यक्रम न केवल कई बड़ी कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे हैं, बल्कि यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के छात्र भी इन्हें उत्साहपूर्वक कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं प्रगति के लिए कॉलेज की सार्थक सोच और प्रयासों की सराहना की। इस प्रकार के प्रमाणन कार्यक्रम छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करते हैं, जिससे उनकी रोजगार क्षमता और पेशेवर दक्षता में वृद्धि होती है।

संस्थान की निदेशक डॉ. जसकिरन कौर ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने करियर के लिए स्वयं को निरंतर विकसित और तैयार करना चाहिए। ऐसे कार्यक्रम छात्रों को नेतृत्व, समय प्रबंधन, रणनीतिक सोच और वातार्लाप कौशल जैसे महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में डीन अकादमिक डॉ. गीति शर्मा, हावर्ड सर्टीफिकेशन के कोआर्डिनेटर डॉ. मनीष कुमार, विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं संकाय सदस्यों की उपस्थिति भी रही। वक्ताओं ने बताया कि हार्वर्ड मैनेज मेंटर कार्यक्रम वास्तविक कार्यस्थल की परिस्थितियों और व्यावसायिक चुनौतियों पर आधारित है, जिसमें केस स्टडी, सिमुलेशन, इंटरएक्टिव गतिविधियां और आत्ममूल्यांकन जैसी व्यावहारिक शिक्षण पद्धतियों का समावेश किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉरपोरेट जगत के लिए तैयार करना तथा उनके व्यक्तित्व एवं पेशेवर कौशल का समग्र विकास करना है।

## जल है तो कल है : वार्ड 83 में जल संकट होगा दूर

### पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने जगृति पार्क में 10एचपी मोटर का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेन्द्र नगर वार्ड 83 के सेक्टर-3 स्थित 11 ब्लॉक के जगृति पार्क में बेहतर जल सुविधा के लिए नई बोरिंग कराकर 10एचपी की मोटर का उद्घाटन किया गया। पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने जगृति पार्क के निवासियों और आरडब्ल्यूए समिति के सदस्यों के साथ नारियल फोड़कर मोटर का विधिवत शुभारंभ किया। इस जनहितकारी कार्य से अब जगृति पार्क के सभी निवासी इस मोटर से मिलने वाले पानी का उपयोग अपने घरों में कर सकेंगे। इससे क्षेत्रवासियों की निजी बोरिंग पर निर्भरता कम होगी और सामूहिक जल व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। यह मोटर क्षेत्र की पानी की लाइन से जोड़ी जाएगी, जिससे पूरे पार्क के निवासी लाभान्वित होंगे। पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने कहा कि वार्ड 83 में जनसुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, जनसेवा ही हमारा संकल्प है और वार्ड 83 का निरंतर विकास ही हमारा लक्ष्य है। इस पहल से क्षेत्र में भूजल स्तर को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान सभी सम्मानित नागरिकों का माल्यार्पण कर स्वागत और सम्मान भी किया गया। स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए पार्षद का आभार जताया।

## गंगनहर में नहाते समय डूबे नर्सिंग के छात्र का शव 38 घंटों के बाद बरामद

**मसूरी करंट क्राइम।** गंगनहर में शुक्रवार को नहाते समय डूबे छात्र आरिश का शव 38 घंटों के बाद देहरा झाल से पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने परिजनों के कहने पर बिना मेडिकल परीक्षण कराए छात्र का शव परिजनों को सौंप दिया। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि शव को झाल से बरामद कर लिया गया है। परिजनों से औपचारिकताएं पूरी कराने के बाद शव को उनके हवाले कर दिया गया है। लोगों से अपील की गई है कि गंगनहर में नहाते समय सावधानी बरतें। रविवार सुबह लगभग 8 बजे गंगनहर में शव बहता हुआ नाहल झाल से नौ किलोमीटर दूर देहरा झाल पर दिखाई दिया। तभी वहां मौजूद युवकों ने गंगनहर में छलांग लगाकर बहकर आए शव को पानी से बाहर निकाला। परिजनों ने मृतक की पहचान आरिश (19) के रूप में की। छात्र का शव फूल गया और दुर्गंध होने लगी। अपने बेटे का शव देखकर पिता मुशाहिद व अन्य परिजन बिलख पड़े।




### किस पूर्व आईपीएस ने की कमिश्नरेट की तारीफ

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की तारीफ, चर्चा और सोशल मीडिया पर फेंस फॉलोइंग जबरदस्त बढ़ रही है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि उत्तर प्रदेश के पूर्व आईपीएस जो की एडीजी स्तर से रिटायर हुए हैं, उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की तारीफ की है। उन्होंने यहां के नए भवन, सेल और कार्यालयों को देखकर प्रशंसा करते हुए वर्तमान वाले साहब की जमकर तारीफ भी की है। अब बताया जा रहा है कि जो पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं, वह वर्तमान में नदिया पार के एक बेहद खास वाले इलाके में रहते हैं। वह सोशल मीडिया पर जमकर एक्टिव भी होते हैं, तो उनके लाइव टेलीकास्ट भी प्रदेश वाली पुलिस के अधिकारियों और विभाग में चर्चा का विषय रहते हैं। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों उन्होंने एक सोशल मीडिया पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट व कमिश्नर की नई बिल्डिंगोंक, थानों और कई थानों के निरीक्षण कर वहां की बदली तस्वीर को लेकर तारीफ की है, जो इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई हैं। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि जूम मीटिंग के बाद अब जिस तरीके से नंबर दो की पोजीशन वाले साहब थानावार बैठकें कर रहे हैं, देखना होगा उसका क्या असर निकलकर आता है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि लंबे समय से गाजियाबाद में टिके कुछ एसीपी जल्द ही रवाना किए जाएंगे, बस लिस्ट का इंतजार किया जा रहा है। उधर खास वाले त्योहार को भी लेकर पुलिस की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। वहीं बताया यह जा रहा है कि जिस तरीके से मामला चल रहा है, उसकी भी चर्चा हो रही है। इन सबके बीच अब कहा जा रहा है की खास त्यौहार के बाद बड़े स्तर पर जो तबादले हुए थे, उन टू-स्टार के जोन बदले जाएंगे। तो कहा जा रहा है कि इसका इफेक्ट भी पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में दिखाई देगा। वैसे भी गर्मियों वाली छुट्टी शुरू हो गई हैं और सोसायटियां, मकान और फ्लैट खाली होंगे, तो उनपर चोर निशाना बना सकते हैं। ऐसे में चोरी वाला क्राइम ग्राफ बढ़ाने की पूरी संभावना भी है। तो उसे रोकने के लिए प्लान और प्लानिंग पर भी काम हो रहा है ,इसकी जानकारी मिल रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट को लेकर जनप्रतिनिधियों, सिलेब्रटियों और अब पूर्व आईपीएस अधिकारियों ने तारीफ वाला सिलसिला शुरू किया है ,तो यह कब तक जारी रहता है।




## भाजपा क्रॉसिंग मंडल ने कसी कमर, शक्ति केंद्र बैठकों में बनी बूथ सशक्तिकरण की रणनीति





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी, क्रॉसिंग मंडल द्वारा आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों और जमीनी पकड़ को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को सभी बूथों पर 'शक्ति केंद्र बैठकों' का सफल आयोजन किया गया। यह बैठकें भाजपा उत्तर प्रदेश नेतृत्व एवं महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल के कुशल निर्देशन में आयोजित की गईं।

रणनीतिक चर्चा और आगामी योजनाएं : बैठक के तय एजेंडे के अनुसार, सभी शक्ति केंद्रों पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत रणनीति साझा की गई। बैठक का मुख्य फोकस संगठन की मजबूती और आगामी 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर रहा। योजना बनाई गई है कि प्रत्येक बूथ पर आम जनमानस के साथ इस कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, हर एक बूथ को अधिक सक्रिय और सशक्त बनाने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

क्रॉसिंग मंडल के विभिन्न बूथों पर आयोजित इन बैठकों में संगठन के प्रवासी पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष तथा क्रॉसिंग मंडल के सभी प्रमुख पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में 'संगठन की मजबूती ही हमारा संकल्प' के ध्येय को दोहराया।

## गंगा दशहरा पर भाजपा नेता कालू यादव ने राहगीरों को पिलाया मीठा शरबत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में गंगा दशहरा के पर्व पर क्षेत्र में सेवा और श्रद्धा का संगम देखने को मिला। भीषण गर्मी और तपती धूप में लोगों को राहत देने के लिए खोड़ा स्थित झुन्ना हनुमान मंदिर पर शरबत वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

भाजपा नेता कालू यादव के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में राहगीरों, स्थानीय निवासियों और मंदिर दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को ठंडा व मीठा शरबत वितरित किया गया।

शिविर के दौरान राहगीरों ने भी इस भीषण गर्मी में शरबत पीकर राहत की सांस ली और इस मानवीय पहल की जमकर तारीफ की।

आयोजन के अवसर पर भाजपा नेता कालू यादव व अश्विनी यादव ने मां गंगा की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि यह पुण्य कार्य मां गंगा के आशीर्वाद से ही संभव हो सका है। गंगा दशहरा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि पुण्य, समर्पण और निस्वार्थ सेवा का पर्व है। इस अवसर पर अश्वनी यादव, संदीप शर्मा, आचार्य निरंजन मिश्रा, सचिन चौहान, अंकित यादव, रोशन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## संगठन सर्वोपरि मंत्र के साथ कौशांबी में शक्ति केंद्र 16-17 की बैठक संपन्न



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी 'संगठन ही सर्वोपरि है' के मूलमंत्र को लेकर भाजपा शक्ति केंद्र 16 और 17 की बैठक कौशांबी में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने बूथ अध्यक्षों को उनके दायित्वों और कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण से ही संगठन मजबूत होता है। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से बूथ स्तर पर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और मतदाता सूची का सत्यापन समय पर पूरा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी, मंडल मंत्री कामिनी भदौरिया, मंडल मंत्री योगेश त्यागी, सेक्टर संयोजक रेनू मल्होत्रा और सेक्टर संयोजक पूजा मेहरा मौजूद रहे। बैठक में बूथ अध्यक्ष एसके गोयल, अनीता खंडेलवाल, किरण दुआ, मिठठन लाल, एसआर सिंह, विक्रम सिंह, राजेंद्र गोयल, ऋतु जैन, प्रीति वर्मा, चेतन मेहरा, उमा मेहरा, ज्योति मेहरा और पदमचंद गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। सभी पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की और संगठन हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

## डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के संस्थानों में अकोलेड-2026 का आयोजन




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित संस्थानों, डॉ. केएन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सेंटर फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (सीएमडी), डॉ. केएन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (केएनएमआईपीईआर) एवं अन्य संस्थानों द्वारा 'अकोलेड 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों, उत्कृष्ट प्लेसमेंट एवं उनके उज्ज्वल भविष्य का उत्सव मनाना रहा।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। प्रमुख कंपनियों में पीडब्ल्यूसी में 24 लाख रुपये वार्षिक पैकेज, आईसीआईसीआई बैंक में 9 लाख रुपये वार्षिक पैकेज, यूनाइटेड एकता ग्रुप तथा ओडीलैब्स कंसल्टेंसी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में विद्यार्थियों के सफल प्लेसमेंट रहे। कार्यक्रम के दौरान चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. डीके. मोदी, चेयरमैन, डॉ. केएन. मोदी फाउंडेशन, यूएन मिश्रा, रजिस्ट्रार, डॉ. दीपांकर शर्मा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, संस्थानों के निदेशकगण, डॉ. शिशिर रस्तोगी, डॉ. रविन्द्र आर्या, डॉ. विजय शर्मा, अजय प्रजापति (प्लेसमेंट हेड) सहित सभी संस्थानों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. डीके. मोदी ने विद्यार्थियों को अपने आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र का भविष्य हैं तथा उनकी उपलब्धियां संस्थान के लिए गर्व का विषय हैं। डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, प्रबंधन एवं तकनीकी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। तस्वीर बहुत कुछ बताती है। डॉ सागर कश्यप नु एक तस्वीर फेसबुक पर साझा की। इस तस्वीर में उनकी माता देवेंद्री कश्यप है इस तस्वीर में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप है इस तस्वीर में नरेंद्र कश्यप और देवेंद्री कश्यप के पौत्र मौलिक राज कश्यप हैं। कश्यप परिवार उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव राज मौर्य के साथ है। चेहरों पर यह मुस्कान वाली यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# रूस के सबसे बड़े मिसाइल हमले से दहला कीव अब बेलारूस की एंट्री से तीसरे मोर्चे का खतरा

## हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला, मैक्रों-जेलेंस्की सतर्क, बेलारूस के युद्ध में उतरने की आशंका से यूरोप में बढ़ा तनाव

### 87 लोग घायल



**कीव।** रूस के बड़े मिसाइल हमले के बाद यूक्रेन युद्ध में बेलारूस की संभावित भूमिका को लेकर दुनिया भर के नेताओं की चिंता बढ़ गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने स्थिति पर नजर बनाए रखी है।

यूक्रेन पर रूस के इस साल के सबसे बड़े मिसाइल हमले के बाद अब पूरी दुनिया की नजर बेलारूस पर टिक गई है। आशंका जताई जा रही है कि बेलारूस, रूस को यूक्रेन के खिलाफ नया सैन्य मोर्चा खोलने में मदद कर सकता है। इसी बीच बेलारूस की निर्वासित विपक्षी नेता स्वियातलाना त्सिखानौस्काया सोमवार को पहली बार कीव पहुंचीं।

### कीव पर रूस का भीषण हमला

रविवार को रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया। इस हमले में कम से कम 87 लोग घायल हुए, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि 21 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कई इमारतों को भारी नुकसान

यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक हमले में सरकारी दफ्तरों, स्कूलों, बाजारों और रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा। सोमवार सुबह भी कई इलाकों में टूटे हुए शीशे और मलबा दिखाई दिया। हमले के बाद राजधानी में डर और तनाव का माहौल बना हुआ है।

### रूस ने दागी हाइपरसोनिक मिसाइल

रूस ने इस हमले में अपनी अत्याधुनिक हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल ह्लओरेशनिकह्व का इस्तेमाल किया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहले दावा कर चुके हैं कि यह मिसाइल मैक-10 की रफ्तार से लक्ष्य को निशाना बना सकती है। यूक्रेन का कहना है कि अमेरिका और यूरोपीय देशों ने पहले ही इस हमले की चेतावनी दे दी थी।

### मैक्रों ने लुकाशेंको को दी चेतावनी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से फोन पर बातचीत की। फ्रांसीसी अधिकारियों के अनुसार, मैक्रों ने साफ कहा कि बेलारूस अगर रूस के युद्ध में सीधे शामिल होता है तो इससे पूरे यूरोप में तनाव और बढ़ सकता है।

### 2022 से बेलारूस की भूमिका पर सवाल

गौरतलब है कि 2022 में रूस ने बेलारूस की जमीन का इस्तेमाल करते हुए यूक्रेन पर हमला शुरू किया था। तभी से पश्चिमी देश और यूक्रेन, बेलारूस की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। जेलेंस्की ने हाल के दिनों में कई बार कहा है कि रूस, बेलारूस के जरिए उत्तरी यूक्रेन में नया हमला कर सकता है।

### विपक्षी नेता ने जताई चिंता

निर्वासित विपक्षी नेता स्वियातलाना त्सिखानौस्काया ने कहा कि यूरोपीय देश बेलारूस को युद्ध में घसीटे जाने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लुकाशेंको सरकार लगातार रूस के दबाव में फैसले ले रही है और क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने वाली नीतियों का समर्थन कर रही है।

### यूक्रेन युद्ध खत्म होने के आसार नहीं

यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध अब चौथे साल में पहुंच चुका है, लेकिन हालात अब भी गंभीर बने हुए हैं। अमेरिका की ओर से एयर डिफेंस मिसाइलों की कमी के कारण यूक्रेन के लिए रूसी हमलों को रोकना और मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में बेलारूस की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है।

# 'ईरान के साथ समझौता या तो बहुत अच्छा होगा या नहीं होगा', ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर साधा निशाना



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित समझौते पर कहा कि या तो यह बहुत अच्छा होगा या फिर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने आलोचकों और डेमोक्रेट्स पर बिना जानकारी के बयान देने का आरोप लगाया और ओबामा के जेसीपीओए समझौते की भी आलोचना की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के संभावित समझौते को लेकर आलोचकों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना जानकारी के इस समझौते पर टिप्पणी कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ समझौता या तो बहुत अच्छा और अहम होगा या फिर कोई समझौता नहीं होगा। यह ओबामा प्रशासन के परमाणु समझौते जैसा नहीं होगा।

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा**

ट्रंप ने कहा, मुझे डेमोक्रेट्स, नाम के रिपब्लिकन और उन मूर्खों पर हंसी आती है, जिन्हें उस संभावित समझौते के बारे में कुछ नहीं पता जो मैं ईरान के साथ कर रहा हूं। अभी पूरी तरह कोई बातचीत नहीं हुई है। ये कमजोर और विफल लोग हैं। जैसे विफल सीनेटर थॉम टिलिस (जल्द ही पद से हट जाएंगे) ने हाल ही में प्राथमिक चुनाव में बड़ी हार झेली है। एक महान अमेरिकी देशभक्त (जिसे ट्रंप का समर्थन मिला) सांसद थॉमस मैसी ने उन्हें बड़े अंतर से हरा दिया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि उन्होंने अपनी पार्टी और देश के प्रति वफादारी नहीं दिखाई।

### जेसीपीओए समझौते पर साधा निशाना

उन्होंने आगे कहा, लगभग सभी डेमोक्रेट्स रास्ता भटक चुके हैं। लगातार गलत नीतियों और खराब उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं। लेकिन मेरी हर शानदार जीत की लगातार आलोचना करते हैं। इन लोगों को घर पर आराम करना चाहिए। ये सिर्फ देश में विभाजन पैदा करते हैं। दूसरे शब्दों में, ये हारने वाले लोग हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ईरान के साथ समझौता या तो बहुत अच्छा और अहम होगा या फिर कोई समझौता नहीं होगा। यह (बराक) ओबामा के प्रशासन में किए गए संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) समझौते के बिल्कुल उलट होगा। इसे मैं एक बड़ी विफलता मानता हूं, क्योंकि इसने ईरान को परमाणु हथियार बनाने का सीधा रास्ता दिया था। मैं ऐसे समझौते कभी नहीं करता।

### सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

इसके साथ ही उन्होंने मेमोरियल डे पर देश के सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीदों को याद करते हुए उनके परिवारों के प्रति सम्मान जताया। हालांकि, अपने संदेश में उन्होंने एक बार फिर डेमोक्रेट्स पर हमला करते हुए कहा कि उनकी नीतियां और उम्मीदवार गलत हैं। लेकिन इसके अलावा वे 'अच्छा काम' कर रहे हैं।

# दिल्ली बॉर्डर से गाजियाबाद एंट्री होगी डस्ट फ्री, नगर आयुक्त का बड़ा एक्शन

## मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर तक चला हाई लेवल निरीक्षण, अफसरों को फटकार

**सख्त रुख**

**10 दिन में सड़क चमकाने का अल्टीमेटम, सड़क किनारे मलबा मिला तो होगी कार्रवाई**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली से गाजियाबाद में प्रवेश करने वाले सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग की बदहाल स्थिति पर अब नगर निगम ने सख्त रुख अपना लिया है। धूल, गंदगी, टूटी ग्रीन बेल्ट और सड़क किनारे फैले मलबे को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मोहन नगर तिराहे से लेकर ज्ञानी बॉर्डर तक निरीक्षण कर अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे जमी मोटी धूल, अव्यवस्थित ग्रीन बेल्ट, निर्माण सामग्री और विभागीय लापरवाही देखकर नगर आयुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि दिल्ली से गाजियाबाद आने वाला यह मुख्य मार्ग शहर की पहचान है, इसकी ऐसी स्थिति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और जल निगम के अधिकारियों को 10 दिन के भीतर पूरे मार्ग को पूर्ण रूप से धूल मुक्त और व्यवस्थित करने का अल्टीमेटम दिया। साथ ही चेतावनी दी कि सड़क किनारे अनावश्यक रूप से मलबा या निर्माण सामग्री मिलने पर संबंधित विभाग और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### धूल हटाने को मशीनें उतरीं, शुरू हुआ महाअभियान

करंट क्राइम : निरीक्षण के तुरंत बाद नगर निगम ने मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर तक विशेष ह्लधूल मुक्त महाअभियानह्व शुरू कर दिया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से टीमों और मशीनों के जरिए सड़क से धूल हटाने के निर्देश दिए गए। जेसीबी मशीनों, सफाई मित्रों और विशेष उपकरणों के जरिए सड़क किनारे जमा धूल और निर्माण सामग्री हटाई गई। जलकल विभाग ने पूरे मार्ग पर पानी का छिड़काव कराया ताकि उड़ती धूल पर नियंत्रण पाया जा सके। करीब पांच किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर मोहन नगर, राजेंद्र नगर, श्याम पार्क, राजबाग, शहीद नगर होते हुए ज्ञानी बॉर्डर तक ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज को नया स्वरूप देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज को पौधरोपण, गमले लगाने और ग्रीन बेल्ट को नर्सरी की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ग्रीन बेल्ट पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए भी अभियान चलाने को कहा गया है।

### जल निगम और पीडब्ल्यूडी को भी चेतावनी

करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने जल निगम के अधूरे कार्यों और सड़क पर फैले मलबे पर नाराजगी जताई। मौके पर मौजूद महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को तत्काल मलबा हटाने और कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सड़क को गड्ढामुक्त और व्यवस्थित करने के आदेश दिए गए।

### गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

करंट क्राइम : निरीक्षण के दौरान दुकानों और प्रतिष्ठानों के बाहर फैली गंदगी और धूल को लेकर नगर आयुक्त खासे नाराज दिखे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश को ऐसे लोगों के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि अगले 10 दिनों में मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर तक का पूरा मार्ग साफ, व्यवस्थित और धूल मुक्त नजर आएगा। दिल्ली से गाजियाबाद आने वाले लोगों को अब शहर की एंट्री पर बदहाल सड़कें नहीं बल्कि साफ-सुथरा और हराभरा कॉरिडोर दिखाई देगा।

# भारत की मेजबानी में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक

## दिल्ली पहुंचेंगी ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग



**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में मंगलवार को होने वाली क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग भारत आएंगी। बैठक में समुद्री सुरक्षा, क्रिटिकल मिनरल्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और आपदा राहत जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

भारत की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग आज भारत दौरे पर आ रही हैं। इस दौरान क्वाड देशों के बीच समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स), बुनियादी ढांचा विकास और आपदा राहत जैसे साझा हितों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

**भारत कर रहा क्वाड की अध्यक्षता :** भारत इस समय क्वाड समूह की अध्यक्षता कर रहा है और इसी क्षमता में वह इस अहम बैठक की मेजबानी कर रहा है। क्वाड में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। यह समूह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण रणनीतिक मंच के रूप में उभरा है।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी पहले से अधिक महत्वपूर्ण

वोंग ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि व्यापक रणनीतिक साझेदार के रूप में दोनों देश व्यापार और निवेश, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, जलवायु एवं ऊर्जा परिवर्तन, रणनीतिक प्रौद्योगिकी, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग को लगातार गहरा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के रिश्तों के केंद्र में मजबूत सामाजिक संबंध भी मौजूद हैं, जो इस साझेदारी को और मजबूती प्रदान करते हैं। बैठक में भारत दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि यह बैठक इस साल भारत में प्रस्तावित क्वाड शिखर सम्मेलन के व्यापक एजेंडे को तय करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

### क्वाड को लेकर क्या बोलीं वोंग

ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पेनी वोंग ने कहा कि इन अनिश्चित समयों में क्वाड एक बेहद महत्वपूर्ण साझेदारी है। चार देश मिलकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध भविष्य को आकार देने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका समुद्री सुरक्षा, क्रिटिकल मिनरल सप्लाई, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और डिजास्टर रिलीफ जैसे साझा हितों के क्षेत्रों में ठोस परिणाम दे रहे हैं। भारत दौरे के दौरान पेनी वोंग विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ 17वें ऑस्ट्रेलिया-भारत विदेश मंत्रियों के फ्रेमवर्क डायलॉग में भी हिस्सा लेंगी।

### फिलीपींस में निर्माणाधीन इमारत ढहने से चार की मौत, 17 लापता, बचाव कार्य जारी




**मनीला।** फिलीपींस में एक इमारत ढह गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई है। अभी भी कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं और उन्हें बचाने के लिए राहत और बचाव कार्य जारी है। हालांकि बारिश के चलते राहत और बचाव कार्यों में परेशानी हो रही है। फिलीपींस के उत्तरी पंपांगा प्रांत के एंजेल्स सिटी में एक इमारत ढहने से चार लोगों की मौत हो गई। सोमवार को अधिकारियों ने बताया कि अभी भी 17 लोग लापता हैं। बचाव अभियान जारी है।

स्थानीय अग्निशमन ब्यूरो के अनुसार, मलबे से तीन शव निकाले गए और एक मलेशियाई नागरिक, जो पास के एक होटल में ठहरा हुआ था, गिरते मलबे की चपेट में आकर मारा गया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर तक कम से कम 26 लोगों को बचा लिया गया था।

# मातम में बदली ईद की खुशियां, सड़क हादसे में 16 की मौत, बकरीद की छुट्टियों में जा रहे थे घर



**पाकिस्तान।** खैबर पख्तूनख्वा में सड़क हादसे में 16 लोगों की मौत और सात घायल हुए। तकनीकी खराबी के कारण यात्री कोच सड़क किनारे खड़ी बस से टकरा गई। यात्री ईद की छुट्टियों में घर जा रहे थे। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आज एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। खोरू कोटाय सईदबाद इलाके में एक यात्री कोच सड़क किनारे खड़ी बस से टकरा गया। इस दुर्घटना में सात अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

### यात्री ईद की छुट्टियों के लिए जा रहे थे घर

पुलिस ने बताया कि यात्री कोच में खराबी आ गई थी। इसके बाद वह सड़क किनारे खड़ी बस से टकरा गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह हादसा खोरू कोटाय सईदबाद इलाके में हुआ। घटना के बाद मोटरवे पुलिस, रेस्क्यू 1122 के अधिकारी और स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों और मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल और बचाव अधिकारियों के अनुसार, मृतकों और घायलों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि, उन्होंने बताया कि अधिकांश पीड़ित दीर और बाजोड़ के रहने वाले थे। ये सभी ईद की छुट्टियों के लिए अपने घर जा रहे थे।

### तकनीकी खराबी के कारण कोच अनियंत्रित

यात्री कोच स्वात की ओर जा रहा था जब यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, तकनीकी खराबी के कारण कोच अनियंत्रित हो गया। बचाव दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायलों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। मृतकों के शवों को भी अस्पताल पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने पीड़ितों की पहचान के प्रयास जारी रखे हैं।

### प्रांत में लगातार सड़क हादसे

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हाल के महीनों में कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। दस मई को स्वात के चारबाग तहसील में एक यात्री वैन खाई में गिर गई थी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई थी और दस अन्य घायल हुए थे। छह अप्रैल को पेशावर में एक यात्री वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने से नौ लोग घायल हुए थे। 31 मार्च को हजारा मोटरवे के पास एक मोटरवे पुलिस निरीक्षक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

# गाजियाबाद में आग का डबल अटैक

## वसुंधरा की झुग्गियों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक फैक्ट्री तक मचाई आग ने अफरा-तफरी

**- सिलेंडर धमाकों से दहला वसुंधरा, एलएन इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री में घंटों धधकी आग**

**- करोड़ों के नुकसान की आशंका, कई दमकल गाड़ियों ने पाया काबू**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को आग की दो बड़ी घटनाओं ने पूरे शहर को दहला दिया। एक ओर वसुंधरा सेक्टर-3 स्थित झुग्गी बस्ती में भीषण आग लगने से सिलेंडर धमाकों के बीच अफरा-तफरी मच गई, वहीं दूसरी ओर एनएच-24 से सटी एलएन इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में लगी भीषण आग ने आसपास की फैक्ट्रियों को भी खतरे में डाल दिया। दोनों घटनाओं में गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों से करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### वसुंधरा सेक्टर-3 में सिलेंडर धमाकों से दहशत

करंट क्राइम : दोपहर के समय वसुंधरा सेक्टर-3 स्थित झुग्गी बस्ती में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कई झुग्गियां उसकी चपेट में आ गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग के दौरान एक के बाद एक कई सिलेंडर फटे, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

आग की चपेट में आकर करीब 15 झुग्गियां और 4 से 5 वाहन जलकर राख हो गए। मौके पर चीख-पुकार और भगदड़ का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### एलएन इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**करंट क्राइम :** शाम होते-होते कविनगर थाना क्षेत्र में स्थित एलएन इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में भी भीषण आग लग गई। यह कंपनी पंखे और लाइट निर्माण का कार्य करती है। शुरूआती जानकारी के अनुसार कंप्यूटर नियंत्रित मशीन के अत्यधिक गर्म होने और शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी, जो तेजी से पूरी फैक्ट्री में फैल गई। आग इतनी भयावह थी कि दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर घंटों तक आग बुझाने में जुटी रहीं। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास की कंपनियों को भी खाली कराया गया। फैक्ट्री के अंदर रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान, मशीनें और तैयार माल जलकर खाक हो गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही तत्काल दमकल की कई गाड़ियों को रवाना किया गया था। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। प्रारंभिक जांच में दोनों जगह आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट और अत्यधिक गर्मी सामने आ रही है। किसी भी घटना में जनहानि नहीं हुई है, जो राहत की बात है। उन्होंने कहा कि आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है और दोनों मामलों की विस्तृत जांच कराई जाएगी।

### भीषण सड़क हादसा : लोहे की छड़ों से लदा ट्रक पलटा, 15 लोगों की मौत, 10 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि एक लोहे की छड़ों से लदे ट्रक के पलटने से यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, मरने वालों में शामिल सभी लोग ट्रक में छड़ों के ऊपर बैठकर यात्रा कर रहे थे।

बांग्लादेश में सोमवार तड़के एक प्रमुख राजमार्ग पर लोहे की छड़ों से लदा एक ट्रक पलट जाने से 15 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ, जब लोग ईद-उल-अजहा की 10 दिवसीय छुट्टियों के लिए अपने गृहनगरों की ओर जा रहे थे।

स्थानीय अग्निशमन केंद्र के प्रभारी अताउर रहमान ने संवाददाताओं को बताया कि यह दुर्घटना जमुना पुल के पूर्वी हिस्से में हुई, जो बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से को मध्य भाग से जोड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि घायलों को आसपास के इलाकों के लोगों की मदद से स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में ले जाया गया।

### ट्रक पर लोहे की छड़ों पर बैठे थे यात्री

स्थानीय पुलिस के अनुसार, ट्रक में लोहे की छड़ों के साथ-साथ कुछ यात्री भी सवार थे। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण ट्रक तांगइल के कलिहाटी उप-जिले में पलट गया। तांगइल की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फौजिया हबीब खान ने बताया कि ट्रक चट्टोग्राम के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर से उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र की ओर जा रहा था।

# इबोला का प्रकोप: 20 दिन में 200 से ज्यादा मौतें...

**नई दिल्ली।** अफ्रीका महाद्वीप में इबोला वायरस तेजी से फैल रहा है। कांगो (डीआरसी) और युगांडा में बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार ने सतर्कता बरतते हुए कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर दी है। केंद्र ने भारतीय नागरिकों से इन देशों की गैर-जरूरी यात्रा टालने की अपील की है।

**स्वदेश लौटने वाले लिए सख्त नियम :** विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त एडवाइजरी के अनुसार, इन तीनों देशों से लौटे या ट्रांजिट यात्रियों को 21 दिनों तक अपनी सेहत पर नजर रखनी होगी। बुखार, कमजोरी, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, दस्त, गले में खराश या ब्लीडिंग जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत एयरपोर्ट हेल्थ डेस्क या नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करना होगा। यात्रियों को इमिग्रेशन से पहले हेल्थ ऑफिसर को पूरी ट्रैवल हिस्ट्री बतानी होगी।



### भारत में अभी तक स्ट्रेन नहीं

भारत में अभी इबोला के 'बुंडीबुग्यो' स्ट्रेन का कोई केस नहीं मिला है। हालांकि, केरल और कर्नाटक के बाद आंध्र प्रदेश ने भी एयरपोर्ट निगरानी शुरू कर दी है। विशाखापत्तनम, तिरुपति और विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। लक्षण पाए जाने पर यात्री को क्वारंटीन किया जाएगा।

### कांगो में 20 दिनों में 204 मौतें

कांगो के इतुरी प्रांत की राजधानी बुनिया में इबोला अब महज बीमारी नहीं, बल्कि रोजमर्रा का डर बन गया है। 5 मई को पहले अलर्ट के बाद मात्र 20 दिनों में 867 संदिग्ध मामले और 204 मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। स्थानीय बाजारों में सैनिटाइजर और डिसइन्फेक्टेंट की भारी किल्लत है। पहले 2,500 कांगोली फ्रैंक (लगभग 85 रुपये) में मिलने वाला सैनिटाइजर अब चार गुना महंगा होकर 10,000 फ्रैंक (340 रुपये) तक बिक रहा है। मास्क की कीमतें 10 गुना तक बढ़ गई हैं और उपलब्धता बेहद कम है। अस्पतालों पर भारी दबाव है, जबकि मेडिकल संसाधन अपर्याप्त हैं। विशेषज्ञों को चिंता है कि वायरस 600 किमी दूर 2 करोड़ आबादी वाली राजधानी किन्शासा पहुंचा तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

### अन्य देशों में उठाए जाने वाले कदम

कांगो में इबोला फैलने के बाद युगांडा ने कांगो सीमा पर सार्वजनिक परिवहन रोका है। रवांडा ने विदेशी यात्रियों की एंट्री पर रोक लगा दी है, जबकि जाम्बिया और मलावी ने एयरपोर्ट व बॉर्डर स्क्रीनिंग बढ़ा दी है।
अमेरिका ने प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों पर एंट्री रिस्ट्रिक्शन और स्क्रीनिंग सख्त कर दी है। चीन ने 6 महीने का कस्टम्स अलर्ट जारी किया है। जापान ने लेवल-1 ट्रैवल रिस्क अलर्ट जारी किया, जबकि फ्रांस ने मायोट द्वीप पर एयरपोर्ट निगरानी और आइसोलेशन व्यवस्था मजबूत की है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | मंगलवार • 26 मई -2026
गाजियाबाद




# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की प्रदेश वर्चुअल बैठक संपन्न

## अरुण सिंह, पंकज चौधरी और धर्मपाल सिंह के मार्गदर्शन को बताया सत्येंद्र सिसोदिया ने प्रेरणादायी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे ह्वविश्वास के अभियानह्व के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आगामी अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रमों और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा ह्वविश्वास के अभियानह्व को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संगठनात्मक अनुशासन और बूथ स्तर तक निरंतर सक्रियता को भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया।




बैठक में शामिल भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी और ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित की है। भाजपा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने की बैठक, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा के वसुंधरा स्थित आवास पर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था एवं विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिजली विभाग के मुख्य अभियंता बृजेश कुमार, अधिशासी अभियंता अजय कुमार यादव और एसडीओ प्रेम चंद मौर्य उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति, ट्रिपिंग, लो वोल्टेज और जनता की शिकायतों पर विस्तार से चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की जनहितकारी नीतियों और 'बेहतर बुनियादी सुविधाएं, बेहतर जनसेवा' की प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देते हुए निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। बिजली संबंधी शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण किया जाए। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप हर नागरिक तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। जनसुविधाओं को सुदृढ़ करना और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



बैठक में अधिकारियों को क्षेत्र में ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने, जर्जर तार बदलने और फॉल्ट को जल्द ठीक करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विशेष निगरानी रखी जाए। आमजन को राहत देने के लिए विभाग पूरी तत्परता से कार्य करे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हकीकत में योद्धा का दिल दरिया है और मन है समंदर? उन्होंने विरोध का बिगुल बजाने वाले त्यागी जी को कर लिया प्रशिक्षण शिविर के अंदर? ये सब देखकर हो रहे थे काफी चेहरे हैरान? वो कह रहे थे हमें ये दरियादिली समझ नहीं आई श्रीमान? कहने वाले ने कहा- जरूरी नहीं, जैसे के साथ तैसा किया जाए, कुछ ऐसे अंदाज दिखाकर भी विरोध कर दिया जाता है शांत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्होंने मंच से नाम ना लेकर कर दिया था पूर्व वालों को नाराज? सुना है इसके बाद हो गए थे दानों तरफ से करारे अल्फाज? पता चला है कि अगले दिन फिर स्टोरी में आ गया ननिहाल? दोनों तरफ से मुस्कान बिखर गई कुछ ऐसा हुआ कमाल? फिर उन्होंने मंच से पूरी शिद्दत से पुकारा उनका नाम? तकरार से जो बात शुरू हुई थी उसका एण्ड हो गया दोनों की मुस्कराहट के नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रशिक्षण शिविर में नहीं बुलाए गए मिस्टर कल्याणी, ऐसा होने से उनके अंदाज हो गए तूफानी? उन्होंने भरी कई चेहरों के बीच में हुंकार, बोले- हमें बर्दाश्त नहीं है इस तरह का व्यवहार? हम पार्टी के बड़े प्लेटफार्म पर रखेंगे इस अनदेखी की बात? कहने वाले ने कहा- उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में किसी का मामला शीतल किया था, शायद इसलिये भड़क रही थी कल्याणी जी के सीने में आग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों भगवा योद्धा खूब दे रहे हैं राजन भैया को संयोजक बनाकर कई आयाम? सुना है, ऐसा होने से एक महान मंत्री हैं बहुत ज्यादा हैरान? वो किसी के बैठे थे नजदीक? कह रहे थे, आप ही बताओ भाई साहब एक ही आदमी को प्रमोट करना कहां तक है ठीक? एक के बाद एक दी रजा रही है इस चेहरे को संयोजक की जिम्मेदारी, जबकि हमारी तरह संगठन में हैं और भी कई पदाधिकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जबसे मैडम सुमन के पास आई है नमित वाली पावर, हम देख रहे हैं, उनकी हर मुद्दे पर अब मजबूत हो रही है आवाज? पहले मिस्टर कल्याणी ने इस चीज का झटका झेला, सुना है अब मैडम के निशाने पर एक भगवा मेंबर आ गई हैं साहब? मैडम सुमन ने फेसबुक पर दिया है ये पैगाम? भगवा गढ़ की मैडम मेंबर महिला रालोद से बना रही हैं पंचायत चुनाव लड़ने का प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा नाम खुलकर ही लिख देती मैडम उनका? हम तो तैयार बैठे थे निहारने के लिये एक और घमासान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि तिकड़ी वाली जोड़ी में पहले ही आ गया था बिखराव? गागर में सागर भरने वालों का सबसे पहले हुआ था अलगाव? सुना है तिकड़ी की दुकड़ी में भी अब बन रही है दूरी? त्यागी जी और चोपड़ा जी के संबंधों में मास्टर जी की वजह से अब नहीं पनप पा रहा है विकास? सुना है, जिससे त्यागी जी गुस्सा हैं, उसे बनाया हुआ है चोपड़ा ने अपना खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप भगवा मेंबर टॉम क्रूज को डिप्टी मेयर वाली सोच तक ही मत रखो सीमित? हमें पता चला है कि उनके इरादे हैं असीमित? वो कर रहे हैं अपने नाम के आगे से डिप्टी हटाने की तैयारी? उन्हें कहीं से संकेत मिला है कि 2027 में मेयर का आरक्षण होगा ओबीसी पुरुष चेहरे के नाम पर जारी? इसलिये एक को छोड़कर वो हैं सभी के अच्छे यारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें अंदर से मिला है ये पैगाम? अब कुछ रुककर होगी वेस्टर्न वाले प्रेसिडेंट की घोषणा? अब क्षेत्रीय संगठन मंत्री की ताजपोशी के बाद ही आएगा नया नाम? कहने वाले ने कहा- ऐसा अगर हुआ तो मामला हो जाएगा लेट? पार्टी आ जाएगी चुनावी मोड में और ठाकुर साहब के नाम को ही कर दिया जाएगा अपग्रेड?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब उन्होंने दिल दरिया करके त्यागी जी को अंदर बुलाया, तब त्यागी जी ने अंदर आने के बाद अपना पूरा टोर दिखाया? त्यागी जी दे रहे थे हर किसी को ये पैगाम, हम यहां पर खुद से नहीं आए, हमको बुलाया गया है श्रीमान? जो भी हो जिस व्यक्ति ने एफबी पर मचाया हुआ था विरोध का पूरा डंका, उसकी उपस्थिति ने किया हुआ था सभी को हैरान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी के प्रिय आशुतोष का यूथ मोर्चे के अध्यक्ष वाला मामला चढ़ सकता है परवान? अगर, उनके प्रिय चेहरे प्रदेश के महामंत्री बन गए श्रीमान? सुना है, अगर ऐसा हुआ तो वो बन जाएंगे पश्चिम के प्रभारी, यहां से हो जाएगा मामला विधायक जी के प्रिय का भारी? नीचे गर्ग साहब और शर्मा जी का भी मिल जाएगा आशीर्वाद? फिर आप ही बताओ ये युवा किसी के रोके से कहां रुक पाएगा साहब।

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# बिटूमिन्स के बढ़े दाम विकास कार्यों में नहीं बनेंगे बाधा : नगर आयुक्त

## इंदिरापुरम समेत सभी जोन में निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश, लापरवाही पर सख्त चेतावनी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में विकास कार्यों की रफ्तार बनाए रखने को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ विशेष बैठक की। बैठक में वायु गुणवत्ता सुधार, 15वें वित्त आयोग तथा अवस्थापना निधि से जुड़े करीब 160 करोड़ रुपये के 85 विकास कार्यों को तत्काल प्रभाव से शुरू कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और ईरान युद्ध के असर से बढ़े बिटूमिन्स के दामों पर भी चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने साफ कहा कि बढ़ी लागत किसी भी रूप में शहर के विकास में बाधा नहीं बननी चाहिए। जिन फर्मों को वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं, वे तुरंत कार्य प्रारंभ करें और कार्यों में तेजी लाएं।

नगर आयुक्त ने कहा कि शहर हित और जनहित सर्वोपरि हैं तथा निर्माण कार्यों में देरी और लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने और समय-समय पर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में ठेकेदारों ने शीघ्र कार्य प्रारंभ करने पर सहमति जताई। नगर निगम की ओर से भुगतान प्रक्रिया को बेहतर बनाए जाने और समस्याओं के समाधान में सहयोग का भी भरोसा दिया गया। नगर आयुक्त ने विशेष रूप से इंदिरापुरम समेत शहर के सभी जोन में चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान आम जनता की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों के कारण नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो तथा सभी निर्माण कार्य नियमों का पालन करते हुए तेजी से पूरे किए जाएं। बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता निर्माण विपुल सहित अन्य अधिकारी और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर में बड़ा हादसा

# सालों पुराना नीम का विशाल वृक्ष टूट

## पांच लग्जरी कारें क्षतिग्रस्त, दो गाड़ियों में लाखों का नुकसान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। बिना आंधी और तूफान के सालों पुराना एक विशालकाय नीम का वृक्ष अचानक टूटकर नीचे खड़ी लग्जरी गाड़ियों पर गिर पड़ा। हादसे में करीब पांच लग्जरी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें दो गाड़ियों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। शुरूआती अनुमान के मुताबिक दोनों वाहनों में लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक तेज आवाज के साथ पेड़ का भारी हिस्सा नीचे गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे के समय पेड़ के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### पेड़ गिरने के बाद घंटों लगा रहा जाम

**करंट क्राइम :** हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। राहगीर और स्थानीय लोग क्षतिग्रस्त गाड़ियों की फोटो और वीडियो बनाते नजर आए। पेड़ गिरने के कारण राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर से पुलिस कमिश्नर कार्यालय जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग गया। भीषण गर्मी के बीच वाहन चालक जाम में फंसे रहे। ट्रैफिक पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद रास्ता खुलवाकर यातायात को सामान्य कराया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पुराने और जर्जर पेड़ों का सर्वे कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

## 10 हजार का इनामी चोर गिरफ्तार मुरादनगर पुलिस को मिली सफलता

**गाजियाबाद करंट क्राइम :** थाना मुरादनगर पुलिस ने चोरी की कई घटनाओं में वांछित 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नरेंदर उर्फ गंजा निवासी बरेली के रूप में हुई है।

नई घटना की रेकी करते दबोचा गया



एसीपी के मुताबिक आरोपी के खिलाफ थाना मुरादनगर में चोरी के पांच मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में उसने साथियों अजय, वीर सिंह और संजय के साथ मिलकर अलग-अलग क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं करने की बात कबूल की है। पुलिस पहले ही अजय और वीर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि फरार आरोपी संजय की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी नई वारदात की रेकी करने मुरादनगर आया था, तभी उसे दबोच लिया गया।पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाने के साथ गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत 15 जुलाई से शुरू होंगी निःशुल्क कक्षाएं, डीएम ने दिए निर्देश

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्धनगर की डीएम मेधा रूपम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2026-27 में यूपीएससी, नीट, जेईई और यूपीपीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क कक्षाओं के संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, नए केंद्रों की स्थापना, विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षिक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद में संचालित योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए जनपद में तीन केंद्र संचालित किए जाने प्रस्तावित हैं। इनमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय सेक्टर-37 नोएडा, पंचशील बालक इंटर कॉलेज सेक्टर-93 नोएडा और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा शामिल हैं। समीक्षा के दौरान डीएम ने मिहिर भोज बालक इंटर कॉलेज, दादरी में एक नए अभ्युदय केंद्र की स्थापना पर सहमति प्रदान की। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 15 जुलाई से सभी केंद्रों पर नियमित कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाए। साथ ही केंद्रों के संचालन के लिए आवश्यक सामग्री की खरीद जैम पोर्टल के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की स्वीकृति भी दी गई। डीएम ने सभी केंद्रों में ऑनलाइन कक्षाओं की बेहतर मॉनिटरिंग और रिकॉर्डिंग के लिए आवश्यक उपकरण और सामग्री खरीदने की सहमति प्रदान की। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक पुस्तकों और स्टेशनरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।




### किन्नर का शव मिलने से सनसनी, माथे पर किसी भारी चीज से वार किया गया

**ग्रेटर नोएडा। करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के तुगलपुर गांव में एक किन्नर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# वार्ड-10 की डीएलएफ कॉलोनी में चमकेगा एकता पार्क

## पार्षद रेखा गोस्वामी की मेहनत रंग लाई, मिट्टी भराई का काम शुरू






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड-10, डीएलएफ कॉलोनी के निवासियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहे एकता पार्क के दिन अब बहुरने वाले हैं। स्थानीय पार्षद रेखा गोस्वामी के अथक प्रयासों और कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो गया है। सौंदर्यीकरण के पहले चरण के तहत पार्क में मिट्टी भराई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। लंबे समय से उपेक्षित पड़े इस पार्क की सुध लिए जाने पर स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है और उन्होंने पार्षद की इस विकासपरक पहल की सराहना की है।

एक तरफ जहां एकता पार्क को सुंदर बनाने का काम युद्धस्तर पर जारी है, वहीं पार्क की व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिन लोगों ने नियमों को ताक पर रखकर पार्क के भीतर अवैध रूप से अपने सीवर के कनेक्शन जोड़ रखे थे, उन्हें जलकल विभाग द्वारा कड़े नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से अवैध कनेक्शन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

वार्ड पार्षद रेखा गोस्वामी और जलकल विभाग ने साफ संदेश दिया है कि सार्वजनिक संपत्तियों और पार्कों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य बिना किसी बाधा के पूरा किया जाएगा ताकि स्थानीय बच्चे और बुजुर्ग इसका लाभ उठा सकें।